आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 9 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-192 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 अक्टूबर 2023 ` 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

हैं तैयार हम!, शुरू हो चुका है युद्धः बघेल

रायपुर,9 अक्टूबर। चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही सीएम बघेल ने ट्वीट किया है, सीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा-

हैं तैयार हम!
शुरू हो चुका है युद्ध
माटी के अभिमान का
नहीं रूकेगा अब ये रथ
छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान का

नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने के संकल्प के साथ हर एक छत्तीसगढ़िया तैयार है, एक बार फिर भरोसे के हाथ जुड़ेंगे.

भरोसा बरकरार, फिर से कांग्रेस सरकार

चुनाव तिथियों की घोषणा के साथ ही पोस्टर-बैनर हटने लगे

गरियाबंद,9 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन आयोग तैयारियों में जुट गया है। जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को ध्यान में रखते हुए शहर में लगे बैनर, पोस्टर

होर्डिंग उतारने का काम शुरू हो गया है जो लगातार तीन दिन 2448 और 72 घंटे में विभिन्न क्रम में पूरे होंगे सोमवार दोपहर को घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई। वहीं चुनाव को लेकर कई महीने पहले से ही संभावित प्रत्याशियों ने गरियाबंद नगर को अपने पोस्टरों बैनरों से पाट दिया था। जगह-जगह विद्युत विभाग नगर पालिका के खाबो के साथ ही अलग तरह से लगाए गए बड़े-बड़े बैनर पोस्टर पर संभावित प्रत्याशियों ने अपनी अपनी फ्लेक्स होर्डिंग लगाई थी। पूरे शहर भर की यही हालत थी। लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद जलि निर्वाचन के निर्देश के बाद दोपहर 12-30 के बाद को पूरे शहर भर के सभी होर्डिंगों को हटाने का कार्य नगर पालिका के द्वारा शुरू किया गया। यह अभियान सिविल लाइन, चौक, पुरानी कोतवाली, पुरानी सब्जीमंडी, मेन रोड तिरंगा चौक, बाजार, बस स्टैंड कचहरी रोड समेत अनेक स्थानों पर चलाया जा रहा है । प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर घ्यान रखने वाली बातों को भी स्पष्ट उल्लेख करते हुए उन्हें पेड और फेक न्यूज़ से बचने की सलाह देंगे ।

छत्तीसगढ़ में 7 एवं 17 नवंबर को मतदान

5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

आदर्श आचार संहिता लागू

नतीजे 3 दिसंबर को

नई दिल्ली,9 अक्टूबर। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव एक अद्वितीय महत्व रखते हैं क्योंकि ये 2024 में राष्ट्रीय चुनावों के भव्य चरण से पहले अंतिम विधानसभा चुनाव हैं। कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए लगभग सभी राज्य-विशिष्ट मुद्दों का जवाब दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ने घोषणा की है कि पांचों राज्यों में कुल 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता और 7.8 करोड़ महिला मतदाता हैं।

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा की। इसके साथ ही पांचों राज्यों में आचार संहिता लागू हो गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में चुनाव होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरण में वोट डाले जाएंगे। वहीं, पांचों राज्यों के नतीजे 3 दिसंबर को एक साथ आएंगे। मिजोरम में 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। छत्तीसगढ़ में पहला चरण 7 नवंबर को और दूसरा 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि इन पांच राज्यों में चुनाव एक अद्वितीय महत्व रखते हैं क्योंकि ये 2024 में राष्ट्रीय चुनावों के भव्य चरण से पहले अंतिम विधानसभा चुनाव हैं। कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए लगभग सभी राज्य-विशिष्ट मुद्दों का जवाब दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ने घोषणा की है कि पांचों राज्यों में कुल 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता और 7.8 करोड़ महिला मतदाता हैं। राजीव कुमार ने आगामी राज्य चुनावों में मतदाताओं की कुल संख्या का खुलासा किया है। मिजोरम में 8.52 लाख, छत्तीसगढ़ में 2.03 करोड़, मध्य प्रदेश में 5.6 करोड़, राजस्थान में 5.25 करोड़ और तेलंगाना में 3.17 करोड़ मतदाता हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ने आगामी चुनावों के दौरान स्वस्थ और सटीक मतदाता सूची बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले कहा कि उन्होंने 40 दिनों के भीतर सभी पांच राज्यों का दौरा किया और राजनीतिक दलों के साथ-साथ केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ चर्चा की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने खुलासा किया कि चुनाव के लिए निर्धारित पांच राज्यों में लगभग 60 लाख मतदाता पहली बार मतदाता हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के मार्गदर्शन में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की समावेशिता को प्राथमिकता दी है और विशेष रूप से मतदाता पंजीकरण से वास्तविक मतदान तक निर्बाध परिवर्तन सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

पहले चरण में छग की नक्सल प्रभावित इन 20 सीटों पर होंगे चुनाव

पहले चरण में पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर-मोहला, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंड़ागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में 7 नवंबर को चुनाव होंगे. वहीं दूसरे चरण में बाकी 70 विधानसभा सीटों पर मतदान 17 नवंबर को होंगे.

2018 के चुनाव परिणाम
कांग्रेस- 68
भाजपा- 15
अन्य- 07

फैक्ट फाइल

- पांच राज्यों में कुल मतदाता 16.1करोड
- पुरुष मतदाता.... 8 करोड़ से अधिक
- महिला मतदाता....7 करोड से अधिक
- पांच राज्यों में....679 विधानसभा सीट
- पहली बार 60 लाख नये मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे
- 23 लाख से ज्यादा नये महिला वोटर
- पांच राज्यों में 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन
- 17000 से ज्यादा मॉडल पोलिंग स्टेशन
- आपराधिक छवि वाले कैडिडेट को तीन बार विज्ञापन देना होगा
- विज्ञापन में अपने आपराधिक इतिहास की जानकारी देनी होगी
- पार्टी को दागी कैडिडेट्स को टिकट देने का कारण बताना होगा
- पांच राज्यों में 940 चेक पोस्ट होंगों
- छत्तीसगढ़ में 2.03 करोड़ मतदाता
- महिला 1.02 करोड़, पुरुष 1.01 करोड़
- छत्तीसगढ़ मिजोरम पुरुषों से ज्यादा महिला मतदाता

मतदान की तारीखें

राज्य	वोटिंग	सीटें	बहुमत
राजस्थान	23 नवंबर	200	101
मध्यप्रदेश	17 नवंबर	230	116
छत्तीसगढ़	7 और 17 नवंबर	90	46
तेलंगाना	30 नवंबर	119	60
मिजोरम	7 नवंबर	40	21
रिजल्ट	3 दिसंबर		

छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

चुनावी प्रक्रिया	पहला चरण- 20 सीटों पर वोटिंग	दूसरा चरण- 70 सीटों पर वोटिंग
नामांकन	13 अक्टूबर	21 अक्टूबर
नामांकन की आखिरी तारीख	20 अक्टूबर	30 अक्टूबर
नामांकन पत्रों की जांच	21 अक्टूबर	31 अक्टूबर
नाम वापसी की आखिरी तारीख	23 अक्टूबर	2 नवंबर
मतदान	7 नवंबर	17 नवंबर
परिणाम	3 दिसंबर	3 दिसंबर

सरकारी संपत्तियों पर नहीं लगा सकेंगे प्रचार सामग्री

उतारे जा रहे बैनर-पोस्टर,वाहनों से निकाली जाएंगी पदनाम वाली पट्टिकाएं

भाजपा में जीत का आधार नरेंद्र मोदीः रमन सिंह

रायपुर,9 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, आज आचार संहिता लागू हो गई है. मतदाताओं से आग्रह है

ज्यादा से ज्यादा मतदान में हिस्सा लें. उन्होंने भाजपा में जीत का आधार नरेंद्र मोदी को बताया है. पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा, बीजेपी ने अपने चुनाव अभियान को 2 तरीके से प्रभावित करने का प्रयास किया. दंतेवाड़ा और जशपुर से 2 यात्राएं शुरू की. परिवर्तन यात्रा की अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की. चुनाव तारीख के ऐलान के बाद दूसरी लिस्ट आने में विलंब नहीं होगा. हर विधानसभा में लोग दावा पेश करते हैं. उम्मीद करते है टिकट मिल जाए पर सबको टिकट देना सम्भव नहीं है. उनसे बातचीत लगातार कर रहे हैं.

पूर्व मुख्यमंत्री .डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में 5 साल में विकास शांत हो गया है. जनता इंतजार कर रही थी आचार सहिता लागू हो तो अधिकारी स्वतंत्र काम कर सके. चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस ने रणनीति में परिवर्तन किया. कांग्रेस में भी कोई चेहरा सामने करके चुनाव लड़ रहे ऐसा नही हैं. सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे.

रमन सिंह ने कहा, फेस 1 में 20 विधानसभा में चुनाव होंगे. दूसरे फेस में 70 सीटों पर चुनाव होगा. बस्तर में मैंने यात्राओं में देखा है. बस्तर सरगुजा में बीजेपी कमजोर थी, सीट नहीं जीत पाई थी. इस बार उल्टा नजारा देखने को मिलेगा.

वादा खिलाफी करने वाली सरकार के जाने का समय आ गया है : साव

भारत निर्वाचन आयोग आज चुनाव के तारीखों का ऐलान करेगा. इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए तैयार है, छत्तीसगढ़ की जनता को इंतजार है कि छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार मुक्त हो, छत्तीसगढ़ अपराध मुक्त हो, छत्तीसगढ़ खुशहाल और तरक्की की ओर बढ़े. उन्होंने कहा कि इसके लिए चुनाव का इंतजार छत्तीसगढ़ की जनता को था. आज चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा कर दी है. छत्तीसगढ़ की जनता तैयार है, भारतीय जनता पार्टी तैयार है और निश्चित रूप से एक नया सवेरा आने वाला है. वादा खिलाफी करने वाली सरकार के जाने का समय हो गया है.

अपनी-अपनी जीत का दावा

नई दिल्ली,9 नवंबर। कांग्रेस और भाजपा ने चुनावी तारीखों का स्वागत किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी प्रकिक्रिया दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 5 राज्यों के चुनावों की घोषणा के साथ भाजपा और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस पार्टी मज़बूती के साथ जनता के पास जाएगी। जन-कल्याण, सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विकास ही कांग्रेस पार्टी की गारन्टी है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में दोनों दलों के बीच सीधा मुकाबला है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करता हूं। आदरणीय प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी और आगामी 5 वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से काम करेगी। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। पांच राज्यों के चुनाव महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये अगले साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हो रहे हैं। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है।

गुंडा-बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

भिलाई,9 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ती जा रही है दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने पहली बार जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी व विवेचकों व जवानों की बैठक ली नेहरू भवन सेक्टर-एक में हुई बैठक में दुर्ग एसपी ने चुनाव आयोग के निर्देश और आदर्श आचार संहिता के दौरान की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सभी को जानकारी दी बैठक में एसपी ने जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न करवाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने गुंडा बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के लिए

कहा साथ ही आदतन बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जिले के दो अपराधियों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जानी है। उनके संबंध में भी जानकारी साझा करते हुए और भी ऐसे बदमाशों को चिह्नित कर उन्हें भी जिलाबदर करने के लिए कहा दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों से कहा कि कभी आदर्श आचार संहिता लग सकती है, इसलिए वे उसके लिए तैयार रहें और जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए कहा वाहनों की चेकिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा

इजरायल और हमास की जंग को लेकर बंटी इस्लामिक दुनिया!

यरुसलम,9 अक्टूबर। यहूदी बहुल देश इजरायल और मुस्लिम बहुल फिलिस्तीन के हमास आतंकियों के बीच छिड़ी जंग पर पूरी दुनिया की नजरें हैं. शनिवार को अचानक फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास ने इजरायल पर हमला कर दिया जिसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया. हमास के इस हमले को लेकर जहां पश्चिमी देश इजरायल के साथ खड़े दिख रहे हैं, वहीं, ज्यादातर मुस्लिम देश फिलिस्तीन के समर्थन में बोल रहे हैं.

मुस्लिम देश हमेशा से फिलिस्तीन के साथ खड़े रहे हैं और वो इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे के समाधान के लिए टू स्टेट रिजोल्यूशन यानी फिलिस्तीनियों के लिए एक अलग राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं. लेकिन इजरायल-फिलिस्तीन की हालिया लड़ाई को लेकर कुछ मुस्लिम देशों की प्रतिक्रिया देख ऐसा लगता है कि इजरायल के प्रति वो नरम रुख अपना रहे हैं. आइए जानते हैं इजरायल-हमास की जंग को लेकर इस्लामिक देशों का रिएक्शन क्या है-

ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के इजरायल पर हमले के बाद कहा कि यह हमला फिलिस्तीनियों की तरफ से आत्मरक्षा के लिए उठाया गया एक कदम है. इसी के साथ ही विदेश मंत्रालय ने मुस्लिम देशों से अपील की है कि वो फिलिस्तीन का समर्थन करें. ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा, यह ऑपरेशन ... अपने अधिकारों की रक्षा और इजरायल की युद्धोन्मादी और उत्तेजक नीतियों के प्रति फिलिस्तीनियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है. यह फिलिस्तीन के सताए हुए लोगों का आंदोलन है.

मध्य-पूर्व के सबसे प्रभावशाली देशों में से एक सऊदी अरब हाल के दिनों में इजरायल के साथ अपने संबंधों को ठीक करने की कोशिश कर रहा है. अमेरिका की कोशिश से दोनों देश राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए शांति वार्ता भी कर रहे हैं लेकिन इसी बीच फिलिस्तीन के साथ इजरायल की जंग ने इस कोशिशों को बड़ा झटका दिया है. दोनों पक्षों के बीच संघर्ष को लेकर सऊदी अरब ने एक बयान जारी किया है जिसमें फिलिस्तीनियों के

अधिकारों की वकालत की है.

इस्लामिक देश यूएई मध्य-पूर्व का पहला ऐसा बड़ा देश है जिसने अमेरिका की कोशिशों के बाद इजरायल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए हैं. साल 2020 में यूएई ने इजरायल के साथ अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर किया था. अब इजरायल और फिलिस्तीन की लड़ाई को लेकर यूएई का रुख काफी बदला हुआ नजर आ रहा है. यूएई ने अपने बयान में कहा है कि ताजा तनाव के लिए हमास जिम्मेदार है.यूएई के विदेश मंत्रालय ने रविवार देर रात एक बयान जारी कर कहा कि फिलिस्तीनी समूह हमास के इजरायली शहरों पर हमला बेहद गंभीर है और इससे भारी तनाव पैदा हुआ है. मंत्रालय ने हिंसा को खत्म करने और नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान किया.

इस्लामिक देश कतर ने इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के लिए इजरायल को जिम्मेदार बताया है. एक बयान जारी कर कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा, मौजूदा तनाव के लिए केवल और केवल इजरायल जिम्मेदार है क्योंकि वो फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों का दमन करता रहा है. साथ ही इजरायली सुरक्षा बल लगातार अल-अक्सा मस्जिद पर छापेमारी करते रहे हैं.

इस्लामिक देश तुर्की पूर्व में इजरायल के खिलाफ फिलिस्तीन का समर्थन करता रहा है लेकिन शनिवार को दोनों पक्षों में जंग छिड़ने के बाद तुर्की ने बेहद नरमी से इस मुद्दे पर अपनी बात रखी है. तुर्की ने शनिवार को टू स्टेट रिजोल्यूशन की बात करते हुए कहा कि वो दोनों पक्षों के बीच तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता को तैयार है. मुस्लिम देश मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर आरोप लगाया कि कई देश फिलिस्तीन के खिलाफ क्रूरता और उत्पीड़न को लेकर एकतरफा कार्रवाई का पक्ष ले रहे हैं.

बिजली बिल अपडेट करवाने के नाम पर 50 हजार की ठगी

भिलाई,9 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। बिजली बिल अपडेट करवाने के नाम पर शातिरों ने एक सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी को अपना शिकार बना लिया। आरोपितों ने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा, जिससे उनका मोबाइल कुछ समय के हैंग हो गया और उसी दौरान आरोपित ने उनके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए उन्होंने दुर्ग सिटी कोतवाली थाना में इसकी शिकायत की इसके आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ऋषभ नगर दुर्ग निवासी प्रसाद जैन से धोखाधड़ी हुई है वे सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हैं और आठ साल पहले सेवानिवृत्त हुए हैं 27 सितंबर को उनकी कालोनी की बिजली बंद थी और शाम को चार बजे वापस आई बिजली बंद रहने के दौरान दोपहर करीब तीन बजे उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि बिजली बिल अपडेट न होने से उनके घर की बिजली बंद है आरोपित ने एक मोबाइल नंबर भी दिया था, जिस पर फोन कर बिजली बिल अपडेट करवाने की बात लिखी थी उन्होंने उस पर फोन किया तो आरोपित ने बिजली बिल अपडेट करने के लिए 10 रुपये का भुगतान करने के लिए बोला आरोपित ने एक लिंक भेजा जिस पर क्लिक कर के उन्होंने 10 रुपये का भुगतान करने की कोशिश की लेकिन, भुगतान नहीं हो सका तब आरोपित ने उनके मोबाइल पर आए ओटीपी को पूछा। इसी बीच उनका फोन दो मिनट के हैंग हुआ और उसी दौरान उनके एक्सिस बैंक के खाता से 50 हजार रुपये निकाल लिए खाता से रुपये निकाले जाने का मैसेज मिलने ही उन्हें समझ में आ गया कि वे ठगी का शिकार हो गए हैं

एक नजर

बरसात के बाद पुनः शुरू हुआ सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान:वोरा

दुर्ग 9 अक्टूबर। शहर के वरिष्ठ विधायक विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल पर बरसात के समाप्त होते ही कुल 29 वार्डों में जर्जर सड़को को 505 लाख से गड्ढे मुक्त करने के लिए डामरीकरण के कार्य की पुनः शुरवात बरसात के पहले भी 20 करोड़ से प्रमुख सड़के व पटरी पार सहित 60 वार्डों में यह कार्य किया गया थ वोरा ने कहा भाजपा सरकार के समय लोगो को यातायात में बहुत असुविधा होती थी लगातार वार्डो के दौरे के समय लगातार आमजन द्वारा शिकायत मिलती थी अब अधिकांश सड़को को कांग्रेस सरकार द्वारा करोड़ो रूपये सड़क संधारण में मिलने से दुर्ग के सड़को में बदलाव आया है जिससे जनता को धूल मुक्त व प्रकाश से यातायात हुआ सुगम महापौर बाकलीवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण के समय फील्ड में रहकर गुणवत्तापूर्ण सड़के बनवाये साथ ही जल्द ही कार्यो को पूर्ण करे इस दौरान एम आई सी प्रभारी पार्षद व एल्डरमेन उपस्थित थे

फांसी लगाकर की आत्महत्या

भिलाई 9 अक्टूबर। भिलाई-3 थाना अंतर्गत एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि ग्राम-नदौरी निवासी मुकेश वर्मा 28वर्ष) शनिवार की दोपहर 2.30 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक पलबंर का काम करता था आत्महत्या का कारण अज्ञात है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

सालों से ख़राब पड़े हैं सिरींखुर्द के बोरिंग, पीएचई विभाग सुधारने का नहीं ले रहा नाम

राजिम 9 अक्टूबर। ग्राम सिरींखुर्द के ग्रामीणो ने बताया कि शिव मंदिर नवाडीह चौक का बोरिंग पिछले लगभग सालों से ख़राब पड़े हुए हैं जिसको सुधारने विभाग को लिखित के साथ मौखिक रूप से मोबाइल के माध्यम से बोलकर ग्रामीण थक चुके हैं अभी तक सुधारने का कोई मन नहीं बनाया है पीएचई विभाग जबकि यह मुख्य मार्ग और सामने महादेव का मंदिर है जहां लोग प्रतिदिन नहाने के बाद शिवलिंग पर जल चढाया जाता है पर दुर्भाग्यवश्ष बोरिंग ख़राब होने के चलते लोग घर से जल लेकर चढ़ा रहे हैं वहीं आवागमन करने वाले राहगीरों को पानी के लिए ग्रामीणों के घर पर आश्रित रहना पड़ता हैं तो कभी यंहा से गुजरते हुए अचानक पानी पीने का मन करे तो प्यासा ही गुज़रना पड़ता है ग्रामीणो का कहना है कि ख़राब पड़े बोरिंग को लेकर लोगों में जिला प्रशासन के खिलाफ बहुत नाराजगी देखने को मिल रहा है इस संबंध में जब पीएचई विभाग राजिम के इंजीनियर मैम को जानकारी के लिए संपर्क किया गया पर उनके द्वारा काल रिसीव नहीं किया गया।

शहर के 60 वार्डो में 5.25 करोड़ रुपये की पाइपलाइन के लिए भूमिपूजन किया

दुर्ग 9 अक्टूबर। नगर पालिक निगम! अमृत योजना के तहत शहर के 60 के चार जोन के लिए 5.25 करोड़ रुपये से बिछाई जाने वाली पाइपलाइन का भूमि पूजन विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले,पार्षद शेखर चन्द्राकर,पार्षद अजीत वैध,बिजेंद्र भारद्वाज,अजय मिश्रा,राज पाली,संदीप वोरा,जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर के अलावा वार्ड के नागरिको के मौजूदगी में शंकर नगर के स्थित साई मंदिर के करीब 11=20 बजे किया गया.इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिस पाइपलाइन का भूमिपूजन किया गया है,उससे 60 वार्डों के चार जोन में 15-15 क्षेत्र एरिया बाट दिया गया है।जिसमे पेयजल की समस्या दूर हो जायेगी. विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा है कि जनसुविधाओं की उपलब्धता के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा.इसके साथ ही मुख्य पाइपलाइन की एक और पाइपलाइन बिछाकर पेयजल आपूर्ति की जाएगी।इससे गर्मी के मौसम में जल संकट उत्पन्न नहीं होगा. शेष कार्यों में विभिन्न वार्डों के सभी जगहों पर वितरण लाइनें बिछाई जाएंगी।

ललित कला अकादमी के चेयरमैन ने भिलाई का दौरा कर कलाकारों से की मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 अक्टूबर। ललित कला अकादमी का रीजनल सेंटर भिलाई में खोले जाने के लिए दिल्ली की कमेटी ने भिलाई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों तथा छत्तीसगढ़ के दूरदराज से आए कलाकारों से मुलाकात की। कमेटी मे अकादमी के चेयरमैन वी. नागदास, डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. रहस मोहंती, सुप्रीम कोर्ट के लीगल एडवाइजर सुमन सिंह, असिस्टेंट एडिटर जानी एम.एल. एवं वी.एस.आर. कृष्णा, रीजनल सेक्रेटरी रामकृष्ण वेदाला उपस्थित थे। कमेटी ने इस महत्वपूर्ण दौरे मे भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता, इ.डी. पर्सनल निशा सोनी तथा संयंत्र के उच्चाधिकारियों के साथ मीटिंग की। पश्चात उन्होंने रीजनल सेन्टर खोलने योग्य स्कूल का दौरा

किया। संध्याकाल में कमेटी के सम्मान में दुर्ग, भिलाई, खैरागढ़, रायपुर, कोडागांव तथा छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों और दूसरे राज्यों से आए कलाकारों ने सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे अपनी कला का प्रदर्शन किया। दिल्ली से आए कमेटी के सदस्यों ने कहा है कि ऐसा प्रदर्शन उन्होंने अपने जीवन मे पहली बार देखा है। जब ओपन स्पेस में अलग-अलग विद्याओ का शानदार इंस्टॉलेशन किया गया है। यहां मानो संपूर्ण छत्तीसगढ़ का ÷कला ग्राम÷ उतर आया था। एक तरफ संस्कार भारती के पदाधिकारियों के साथ ही प्रांत अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय अपने अद्भुत वाद्य यंत्रों से तरह-तरह के सुरों की सृष्टि कर रहे थे, जिसमें कभी लगता था कि जंगल में बाघ आ गया तो कभी लगता था मैना चुगचुगाने लगी है। एक तरफ पद्म विभूषण तीजन बाई की आवाज में पंडवानी चल रही थी जिस पर अंतर्राष्ट्रीय कलाकार विभाष अनिता उपाध्याय कठपुतलियां दिखा रहे थे, जिसे देखकर बच्चे हट नहीं रहे थे। तो एक तरफ डॉ. सोनाली चक्रवर्ती के स्वयंसिद्धा कोर कमेटी के साथियों ने छत्तीसगढ़ी परिधान में आरती, तिलक व जय छत्तीसगढ़ के आकाश भेदी नारो से आकाश को गुंजायमान कर रखा था। रथ परिसर मे कही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की बहार थी तो कहीं बेल मेटल के सामान प्रदर्शित थे। कही खैरागढ़ से आए कलाकारों की माडर्न आर्ट मूर्ति लोगों को परेशान कर रही थी तो कहीं खुले मे लटके मॉडर्न आर्ट पेंटिंग पर लोग माथा खपा रहे थे। कहीं मशहूर चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी की पेंटिंग लटकी थी तो कही हरीसेन और जोसेफ गिलबर्ट जैसे कलाकारों की कृतियां। अभिषेक की मटपई कला से लोग हैरान थे तो दव्या साहू की मूर्तियों से बेचैन। रथ चबूतरे के चारों तरफ पेंटिंग की प्रदर्शनी देखकर सैकड़ो की संख्या मे आए दर्शकों को पता चला कि ऐसा भी हो सकता है क्या ? कही महिलाएं सुवा नृत्य कर रही थी तो कही विक्रम अपना गीत गा रहे थे। ऐसा माहौल मानो इस रात आसमान के सारे तारे जमीं पर उतर आए थे। कमेटी के सदस्य इन कलाकारो के बीच ऐसे खो गए कि दो से तीन घंटा यूं ही निकल गया। लेकिन परिसर मे रात तक भी पैर रखने को जगह न थी। कमेटी के साथ सुप्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल के अलावा भिलाई इस्पात संयंत्र के जयप्रकाश, हरीश मंडावी, भूपत राव बोरकर, ऊमाकात ठाकुर, पी जेना, प्रकाश कौशिक, संतोष पराशर, प्रशांत क्षीरसागर और अंकुश देवांगन उपस्थित थे।

अविद्या का स्वरूप है पूतना: इन्दुभवानन्द महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 9 अक्टूबर। गहोई वैश्य समाज द्वारा एमपी हाल जुगवानी में चल रही श्रीमद् भागवत की दिव्य कथा को विस्तार देते हुए परम पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के शिष्य रायपुर शंकराचार्य आश्रम की प्रभारी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि पूतना अविद्या का स्वरूप है।

अविद्या कभी भी भगवान के नेत्रों के सामने रुक नहीं सकती है, जिसकी सत्ता विद्यमान न हो उसे अविद्या कहते हैं, अविद्या माया का ही स्वरूप है। इसे अनिर्वचनीय कहा जाता है। यह सद् और असद् से विलक्षण है। अविद्या (माया) के बिना लीला हो नहीं सकती है। अतः है भगवान ने पूतना को देखकर नेत्र बंद कर लिए। भक्तों ने भगवान के नेत्र बंद करने के अनेक भाव निकाले हैं। नेत्र बंद करके मानो भगवान ने शंकर जी का

आह्वान किया और कहा कि महाराज आपको प्राण पीने का अभ्यास है, और मुझे दूध पीने का अभ्यास है अतः आप आकर के प्राणों का पान करें और मैं दुग्ध का पान करूंगा । पूतना के पास दो ही चीज हैं एक प्राण और दूसरा दूध। मारने की नीयत से दूध पिलाने आई पूतना को भी भगवान श्री कृष्ण ने माता की गति दे दी।

सुखदेव महाराज कहते हैं संसार में भगवान से बढ़कर कौन दयालु होगा। आगे सुधि वक्ता ने भगवान श्री कृष्ण चंद जी की दिव्य बाल लीलाओं की मार्मिक प्रस्तुति करते हुए बताया की लीला के दर्शन, चिंतन, श्रवण करने से संसार की विस्मृति होती है उसे लीला कहते हैं। लीला के द्वारा ही ब्रह्म साक्षात्कार होता है और जीव अपने निज स्वरूप को प्राप्त कर लेता। कथा के पूर्व गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष पवन कुमार ददरया एवं अन्य सदस्य गणों ने श्रीमद्भागवत की पोथी का पूजन किया आरती की। सांसद विजय बघेल भी भागवत सुनने पहुंचे और उन्होंने आशीर्वाद लेकर श्रीमद् भागवत सुना।

कर्मा चौक रिसाली का सबसे बेहतरीन चौक में गिना जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली 9 अक्टूबर। इस्पात नगर साई मंदिर के पास क्षेत्र का सबसे सुंदर चौक बनाने रविवार को भूमि पूजन किया गया। कर्मा चौक बनाने महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेंद्र साहू ने पूजा अर्चना की। 10 लाख की राशि खर्च की जाएगी। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने नागरिकों को बधाई दी। वही क्षेत्रीय विधायक व गृह मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए जितेंद्र साहू ने कहा कि मंत्री जी ने विकास अधिक करने रिसाली को भिलाई से अलग कर निगम बनाया। 2 वर्ष में उन्होंने हर संभव प्रयास कर विकास कार्य को पूर्ण कराया है। पूरे दुर्ग ग्रामीण विधान सभा में कई कार्य ऐसे हुए है जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। कार्यक्रम में सभापति केशव बनछोर, अनूप डे, चन्द्र भान ठाकुर, सनीर साहू, चन्द्र प्रकाश निगम, परमेश्वर, सोनिया देवांगन, पार्षद विलास बोरकर, शीला नारखेड़े, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, डोमन बारले, डॉ सीमा साहू, संध्या वर्मा, संतू दास, मो निजाम, शिशिर साहू, जी राहुल, संगीता सिंह व साहू समाज, मानिकपुरी

समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

सामुदायिक भवन बनेगा : वार्ड 29 लक्ष्मी नगर में महापौर ने सामुदायिक भवन बनाने कार्य शुभ आरंभ कराया। उन्होंने पूजा अर्चना कर नीव खुदाई कार्य आरंभ कराया। इसके पहले प्रदेश महामंत्री वार्ड 11 मरोदा सेक्टर एच पॉकेट पहुंचे। उन्होंने वहा 3 लाख की लागत से 5 स्थानों में बने हर्ट का लोकार्पण किया। बाद में वार्ड 8 में 4 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य आरंभ कराया वही वार्ड 2 में मानिकपुरी समाज भवन परिसर में बोर उत्खनन करने भूमि पूजन भी किया।

बोरझरा और सिलौटी में लाखो के निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

अंबरी 9 अक्टूबर। कुरुद विधानसभा अंतर्गत ग्राम बोरझरा में 10.68 लाख की लागत के शेड निर्माण व ग्राम सिलौटी में तारणी चंद्राकर ने गांव वालों के मांग पर जिला पंचायत से विकास निधि का फंड देकर 2.00 लाख का कोदोरास मंदिर में चेकर टाईल्स व सौंदर्यीकरण निर्माण का भूमिपूजन किये मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी समिति कुरुद अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर व सभापति जिला पंचायत धमतरी व प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के मुख्य आतिथ्य में भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शनिवार को ग्राम सिलौटी व बोरझरा में पहुंचे पीसीसी सचिव तारिणी नीलम चन्द्राकर ने सिलौटी कोदोरास मंदिर में चेकर टाईल्स सौंदर्यीकरण व ग्राम बोरझरा में शेड निर्माण का भूमिपूजन कर कहा कि गांव की मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिले यह प्रयास वे कर रहे हैं इसी प्रयास से मंडी शेड का निर्माण होना है। उन्होंने कहा कि जब से कुरुद में मंडी नीलम चन्द्राकर अध्यक्ष बने हैं तब से मंडी की राशि से 160 गांव में शेड की लिए राशि स्वीकृत कर रहे हैं जिससे लोगो को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सुविधा मिलेंगी। कांग्रेस के भुपेश बघेल की सरकार ऐसे विकास कार्यो को करने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हैं। मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर ने कहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस सरकार सभी वर्गो का समुचित विकास प्राथमिकता के साथ कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके पहले 45 करोड़ रुपये का भर्राशाही किया गया है।

सुपर गर्ल कार्यक्रम बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने का एक उचित मंच :कंवर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फिंगेश्वर 9 अक्टूबर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिले के सभी शालाओं में पहली से लेकर कक्षा 12 वीं तक के पढ़ने वाली बालिकाओं में कलात्मक अभिरुचि को निखारने हेतु यह कार्यक्रम पूरे जिले मे कलेक्टर आकाश छिकारा व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन भगत के निर्देश पर जिला नोडल अधिकारी द्रय श्याम चंद्राकर व मनोज केला के मार्गदर्शन मे आयोजन किया जा रहा है. इसी तारतम्य में मेगा संकुल केन्द्र सेंदर में सुपर गर्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारम्भ संकुल प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया. तत्पश्चात संकुल समन्वयक पुरानिक ध्रुव द्वारा प्रतियोगिता के सभी नियमों को अवगत कराते हुए प्रतियोगिता प्रारम्भ करने के लिए निर्णायको को निर्णय सीट प्रदान किया गया.जिसमें एकल नृत्य, एकल गायन, चित्रकला, कविता पाठ, भाषण,वाद विवाद वाद्य यंत्र प्रतियोगिता आयोजन किया गया.इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एस एस कंवर ने कहा की इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अंदर छिपी हुई विभिन्न कलाओं को पहचान कर दिखाना और उसे एक उचित व सम्मानित मंच प्रदान करना है.संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा की प्रत्येक बच्चे में कुछ न कुछ प्रतिभा छुपी हुई रहती है ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें एक अवसर प्राप्त होता है.यह कार्यक्रम

बालिकाओं के कलात्मक प्रतिभाओ को निखारने का एक उचित मंच है. संकुल प्राचार्य कमल पांडे ने कहा कि बालिकाए कला, संस्कृति,परम्परा, अनुशासन से समृद्ध होती है. सेजस प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने कहा कि बेटी अपने घर परिवार की लाडली होती है. वह पढ़ाई के साथ साथ अपने माँ का हाथ बटाती है.सुपर गर्ल कार्यक्रम में संकुल केन्द्र सेंदर, बिजली, फिंगेश्वर, बेलर एवं भसेरा के प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया.इस दौरान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु कार्यकम का निरीक्षण करते हुए सभी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए चित्रकला एवं नृत्य को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की.इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से नृत्य में विद्या भसेरा,भाषण साक्षी साहू सेंदर,गायन दाक्षी साहू बिजली, चित्रकला भीवानी साहू फिगेश्वर प्रथम स्थान पर रही. पूर्व माध्यमिक विभाग से नृत्य यमुना साहू भसेरा, भाषण जिसिका कुर्रे,गीत हिमांशी यदु,कविता खुशबू सोनवानी,वाद विवाद विनम्रता,दिव्यांशी,वाद्ययंत्र भाग्यश्री चित्रकला पूर्वी साहू फिगेश्वर प्रथम स्थान पर रही.वहीं उच्चतर माध्यमिक विभाग से नृत्य में दीपा साहू,भाषण सुनिधि साहू बेलर, कविता तुलसी निषाद बिजली,गीत खुशी साहू बेलर,वाद विवाद सृष्टि खुशबू फिगेश्वर,वाद्ययंत्र मौसमी साहू, चित्रकला अंशु टोडरे प्रथम स्थान पर रही.कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियो को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरण कर उनका सम्मान किया गया.कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एम आर बारले व हेमंत गायकवाढ़ एवं आभार व्यक्त संकुल प्राचार्य मेघा ठाकरे ने किया.निर्णायक के रूप में सुनंदा आसनी, युवरानी ध्रुव,रेखा वाजपेयी श्वेता साहू, उषादेवी साहू, अल्का ध्रुव, हेमलता साहू,संगीता साहू,मनीषा साहू,तीरथ साहू, विनोद साहू, कुमार भारती,हीरामन साहू,उमेश यदु,लक्ष्मीनारायण सेन, कृपाराम बघेल,खेमराज सिन्हा, जयप्रकाश वर्मा,अनिल बर्रे,योगेश शर्मा,जयकुमार भोई,आशुतोष कुर्रे, गिलेश्वर साहू,धनेश्वर साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस अवसर पर संकुल प्राचार्य.एस एस कंवर,पूरन लाल साहू,कमल पांडे मेघा ठाकरे तेजस प्राचार्य मुकेश निर्मलकर,प्रधानपाठक सोहन सेन,संकुल समन्वयक पुरानिक ध्रुव,गेंदू राम पटेल,भुवन यदु,अशोक सोनवानी, कमलेश साहू सहित मेगा संकुल के शिक्षक एवं छात्र छात्राए उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हुआ ठगी का शिकार

भिलाई 9 अक्टूबर। बिजली बिल अपडेट करवाने के नाम पर शातिरों ने एक सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी को अपना शिकार बना लिया। आरोपितों ने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा, जिससे उनका मोबाइल कुछ समय के हैंग हो गया और उसी दौरान आरोपित ने उनके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए उन्होंने दुर्ग सिटी कोतवाली थाना में इसकी शिकायत की इसके आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ऋषभ नगर दुर्ग निवासी प्रसाद जैन से धोखाधड़ी हुई है वे सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हैं और आठ साल पहले सेवानिवृत्त हुए हैं 27 सितंबर को उनकी कालोनी की बिजली बंद थी और शाम को चार बजे वापस आई बिजली बंद रहने के दौराना दोपहर करीब तीन बजे उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि बिजली बिल अपडेट न होने से उनके घर की बिजली बंद है आरोपित ने एक मोबाइल नंबर भी दिया था, जिस पर फोन कर बिजली बिल अपडेट करवाने की बात लिखी थी उन्होंने उस पर फोन किया तो आरोपित ने बिजली बिल अपडेट करने के लिए 10 रुपये का भुगतान करने के लिए बोला आरोपित ने एक लिंक भेजा जिस पर क्लिक कर के उन्होंने 10 रुपये का भुगतान करने की कोशिश की लेकिन, भुगतान नहीं हो सका तब आरोपित ने उनके मोबाइल पर आए ओटीपी को पूछा। इसी बीच उनका फोन दो मिनट के हैंग हुआ और उसी दौरान उनके एचडीएफसी बैंक के खाता से 50 हजार रुपये निकाल लिए खाता से रुपये निकाले जाने का मैसेज मिलने ही उन्हें समझ में आ गया कि वे ठगी का शिकार हो गए हैं।

ड्राइवर से लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

भिलाई 9 अक्टूबर। नंदिनी थाना क्षेत्र ग्राम हिंगनाडीह में गाड़ी खराब होने पर उसमें सो रहे एक ड्राइवर से बदमाशों ने लूटपाट की तीनों आरोपित एक कार से पहुंचे थे पुलिस ने तीनोंआरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है उनके पास से लूट का मोबाइल, नकदी व घटना में प्रयुक्त कार जब्त किया गया है आरोपितों ने पीड़ित से पहले पेट्रोल भरवाने के लिए रुपये की मांग की पीड़ित ने इन्कार किया तोआरोपितों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया डरकर पीड़ित वहां से भागा तो आरोपितों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया इसके बाद गमछे से उसका गला दबाने लगे और एक आरोपित ने अपने पास से कटर निकालकर उसके गले पर टिका दिया इसके बाद उसका मोबाइल और जेब से डेढ़ सौ रुपये नकद लूटकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर नंदिनी पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ लूट की धारा के तहत प्राथमिकी कर उनकी तलाश शुरू की है नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि कंडरा पारा धमधा बस स्टैंड निवासी घनश्याम साहू ने लूट की शिकायत की है। शिकायतकर्ता हर्ष पारख की मेटाडोर चलाता है। पांच अक्टूबर को शिकायतकर्ता और एक अन्य ड्राइवर पोलन नागरे गाड़ी लेकर रायपुर के लिए निकले। हिंगनाडीह तालाब के पास गोपाल नागरे की गाड़ी की खराब हो गई तो शिकायतकर्ता ने अपनी गाड़ी उसे दे दी। शिकायतकर्ता को तबीयत ठीक नहीं लग रही थी तो वह गाड़ी में ही सो गया। इसी दौरान रात में करीब ढाई बजे कार सवार तीनों बदमाश उसके पास पहुंचे थे उसे जगाकर उससे रुपये की मांग की थी और न मिलने पर आरोपितों ने लूटपाट की थी लूटपाट करने के बाद तीनों आरोपित मुरमुंदा की तरफ भाग गए। पीड़ित ने एक अन्य ट्रक चालक से मदद ली और पुलिस को इसकी जानकारी दी। रात में डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पीड़ित को लेकर थाना पहुंची घटना की जानकारी लगते ही नंदिनी पुलिस ने आरोपितों की पतासाजी शुरू की और तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। सीसीटीवी फुटेज और लूटे गए मोबाइल की लोकेशन की मदद से आरोपितों तक पहुंचा जा सका। पुलिस ने आरोपित अभिषेक उर्फ अभि थापा (20), मोहित सिंह (29) और प्रिंस शिंदे (19) को गिरफ्तार किया तीनों आरोपित चरोदा भिलाई-तीन के रहने वाले हैं।

चोरी के आरोपी गिरफ्तार

भिलाई 9 अक्टूबर। नंदिनी थाना क्षेत्र ग्राम कोड़िया शिव महापुराण की कथा के दूसरे दिन भी पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए लोगों में दो पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं ये सभी आरोपित भीड़ में चोरी करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन लोगों ने इन्हें रंगे हाथों पकड़ ह्लऔर पुलिस के हवाले कर दिया गिरफ्तार किए गए आरोपित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश व बिहार के रहने वाले हैं नंदिनी पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है साथ ही कथा में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से सावधान रहने की अपील भी कर रही है नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि ग्राम कोड़िया में शिव महापुराण की कथा का आयोजन शुरू हुआ है यह आयोजन एक सप्ताह तक चलेगा कथा के पहले ही दिन पुलिस ने 10 महिलाओं को चोरी करते हुए पकड़ा था और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें दूसरे दिन भी कथा स्थल पर चोरी का प्रयास कर रहे दो पुरुष और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। दिन में छह महिलाएं पकड़ी गईं, जिनमें मटरगो पारधी निवासी ग्राम देवागांव जिला कटनी मध्यप्रदेश, रज्जो फुलमाली (70) निवासी ग्राम टेड़ीबागी जिला आगरा उत्तर प्रदेश, बीरवती जाटव (65) निवासी कच्ची बस्ती नागपुर महाराष्ट्र, संतोष देवी जाटव (30) निवासी कच्ची बस्ती नागपुर महाराष्ट्र, उर्मिला जाटव (45) निवासी कच्ची बस्ती नागपुर महाराष्ट्र, कुमकुम फुलमाली (25) निवासी टेड़ीबाग आगरा उत्तर प्रदेश शामिल हैं वहीं शाम को दो पुरुषों राजप्रकाश साव (28) और राजेश साव (29) निवासी दयाचक सहरी पटना बिहार को गिरफ्तार किया गया पहले गिरफ्तार की गई सभी छह महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है दोनों पुरुषों पर भी कार्रवाई की गई है उन्हें सोमवार को न्यायालय पेश किया जाएगा।

शिवधाम में कथा पंडाल में रेखराम बंछोर ने की सफाई

जामुल 9 अक्टूबर। कोडिया शिवधाम में प्रदीप मिश्रा के शिव पुराण कथा पंडाल में सफाई करते हुए नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर एवं साथियों द्वारा किया गया।

एक नजर

तुलसीपुर बौद्ध विहार सामुदायिक भवन विस्तार करने बौद्ध अनुयायियों की उपस्थिति में महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क के अलावा सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम, उद्यान, सहित विभिन्न सामाजिक भवनों के लिये नगरीय निकायों को राशि उपलब्ध कराये है, जिससे पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों द्वारा सभी प्रकार के विकास कार्य कराये जा रहे है। उक्त बाते तुलसीपुर बौद्ध विहार में सामुदायिक भवन विस्तार अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कही। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा राजनांदगांव नगर निगम को विकास कार्य के लिये दिये गये राशि से आज बौद्ध अनुयायियों की मांग पर भवन विस्तार के लिये भूमिपूजन किया जा रहा है। बौद्ध विहार में विभिन्न कार्यक्रम के लिये जगह की कमी थी, जो कमी अब भवन विस्तार से पूरी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के अन्य कार्य समाज हित में किये जायेगे। मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत राजनांदगांव नगर निगम को स्वीकृत राशि से तुलसीपुर बौद्ध विहार में 8 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन विस्तार करने आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने छ.ग. बाल सम्प्रेषण संस्थान की सदस्य श्रीमती संगीता गजभिये, वार्ड की पार्षद श्रीमती चंद्रकला देवांगन,पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, समाज के अध्यक्ष श्री राहूल खोब्रागढ़े, महिला अध्यक्ष श्रीमती पायल मेश्राम की उपस्थिति में श्रीफल फोडकर पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किये, तत्पश्चत आशीष रामटेके, निधि दामले, पुष्पा गड़वी द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर निगम का तकनीकि अमला सहित बौद्ध अनुयायी उपस्थित थे।

अवैध शराब बिक्री पर घुमका पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। घुमका पुलिस के द्वारा आज दिनांक 08/10/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम कलडबरी चौक मे आरोपी कुंदन चौधरी के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी कुंदन के कब्जे से 20 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब 3.600 लीटर कीमती 1600रूपये व बिक्री रकम 240 रूपये नगद जप्त किया गया। आरोपी के विरूध्द थाना घुमका में अपराध क्रमांक क्रमशः 132/23, धारा 34 (1) ब आबकारी एक्ट कायम कर विधिवत कार्यवाही की गई ।

सरकारी संरक्षण में रेत के अवैध कारोबार से मालामाल हो रहे कांग्रेसी: कोमल सिंह राजपूत

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ में रेत का अवैध उत्खनन सरकारी संरक्षण में बेरोकटोक जारी है। रेत का संकट बताकर इसके अवैध कारोबार में लगे कांग्रेसी प्रदेशभर में मालामाल हो रहे हैं और जनता लुट रही है। यह दावा करते हुए भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत ने आगे कहा कि कोयला घोटाले में प्रदेश के शेडो सीएम सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित और भी कुछ लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। राज्य के खनिज से जुड़ा यह घोटाला हजारों करोड़ का था, इसलिए ईडी की नजर इनपर पड़ गई। लेकिन रेत, मुरूम, गिट्टी आदि गौण खनिजों की तस्करी में लिप्त दूसरे शेडो सीएम एजाज ढेबर के खनिज माफिया गुर्गे अभी भी बेखौफ प्रदेशभर में अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। इनके सत्ता की धौंस और बाहुबल का भय के आगे प्रशासनिक अधिकारी भी नतमस्तक हैं। प्रदेश की भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचार और अवैध कारोबारों में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए श्री राजपूत ने आगे कहा कि पिछले दिनों रेत माफियाओं द्वारा अरपा नदी में खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बहनों सहित तीन की मौत हो गई थी। राजनांदगांव जिले में नदी से निकाले गए अवैध रेत के साथ एक शव का भी परिवहन हो गया था। राजिम में खनिज विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया गया। सारंगढ़ के टिमरलगा में रायगढ़ के तत्कालीन सहायक कलेक्टर को कुचलने का प्रयास किया गया। लेकिन इस सरकार में दुर्भाग्य यह है कि ऐसे मामलों की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की जरूरत तक भूपेश बघेल ने महसूस नहीं की। ऐसा इसलिए कि मुख्यमंत्री जानते हैं कि इन करतूतों के पीछे उनके ही लोगों का हाथ है। उन्होंने आगे कहा कि इन रेत माफियाओं ने प्रदेश की नदियों का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है। नदियों में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। नदियों की दिशा बदलने लगी है। इसका बुरा असर यह है कि बांध, स्टापडेम में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में सिंचाई और उद्योगों के लिए पानी की समस्या तो खड़ी होगी ही, कुछ साल बाद लोगों को पेयजल के लिए भी तरसना पड़ सकता है। कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बलौदाबाजार जिले में हाल ही में ग्रामीणों ने रेत से भरे कई हाइवा को 30 घंटे तक रोके रखा, लेकिन अवैध कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे मामले रोज प्रदेश भर में सामने आ रहे हैं। सरकार और जिला प्रशासन अवैध उत्खनन रोकने कुछ नहीं कर रहे हैं।

कुरूद विधानसभा में सर्व आदिवासी समाज उतारेगा प्रत्याशी,पैनल में 5 नाम शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 9 अक्टूबर। सामुदायिक भवन आदिवासी समाज कुरूद में सर्व आदिवासी समाज की बैठक आहुत की गई। जिसमें ध्रुव गोंड़ समाज,कंवर समाज,नगारची, कंडरा,पारधी समाज से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखों ने एक स्वर में कहा कि इस बार प्रदेश में आदिवासी सरकार बनाएंगे। वही कुरूद विधानसभा में समाज अपना प्रत्याशी खड़ा कर उसे भारी बहुमत से जितायेंगे। इसके लिए सभी अन्य समाज से भी समर्थन एवं सहयोग लिया जायेगा। ये चुनाव हमर राज पार्टी के बैनरतले चुनाव लड़ी जाएगी। इसके के लिए बकायदा चुनाव संचालन समिति भी बनाया गया है। वही सम्भावित प्रत्याशियों के नाम मांगे गए। जिनके नामों को अंतिम विचार के लिए प्रदेश कोर कमेटी भेजा जाएगा।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने समाज से अव्हान किया कि इस बार समाज को राजनैतिक तौर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करना है क्योंकि लगातार राजनैतिक पार्टियां आदिवासियों के साथ छल कर रही है। आदिवासियों के एक भी संवैधानिक मांगों को पूरा नहीं कर पा रही है ऐसे में आदिवासी समाज जाये तो कहां जाये। इसलिए समाज ने यह तय किया है कि चुनाव में राजनैतिक पार्टी बनाकर समाज अपना प्रतिनिधि सदन में भेजेगी। प्रदेश संयुक्त संचिव महेश रावटे ने बताया कि 2010 से आदिवासी समाज लगातार आवेदन, निवेदन ,धरना,प्रदर्शन,आंदोलन कर रही है। इसके बावजूद सरकार आदिवासियों की नही सुन रही है। आदिवासी समाज के तमाम विधायक, सांसद अपने पार्टियो में बंधे हुए है और समाज के मांगों पर चुप्पी साध लिया है। इसलिए इस बार आदिवासी समाज ने तय किया है कि समाज हमर राज पार्टी बैनरतले चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलंजन मण्डावी,ठाकुर राम नेताम,विजय कुंजाम,कामताप्रसाद कुंजाम,तेजराम छैदहा,फलेंद्र छैदहा,पोखराज नेताम,बोधन छैदहा,बीरबल कुंजाम,होमन सिंह कतलाम, सुभाष कतलाम, नरोत्तम सिंह पडोटी,अनुज नेताम,रामकिशुन छैदहा,ढाल सिंह नेटी, मोहित कोर्राम,सुजान सिंह मण्डावी,ललित ठाकुर,बरसन पारधी,भूतनाथ पारधी,बसंत नगारची, शिवदयाल नेताम, कलीराम,सन्तोष सोरी,राधेश्याम मण्डावी,परदेशी राम,रोहित नेताम, रामप्रसाद तुमरेटी,समीर नेताम, लीलाराम कंवर,अशोक कंवर,काशीराम कंवर,थानसिंग नगारची, सोहन कंवर,टीकम कटारिया, अरुण नगारची, कुलेश्वर छैदहा,कमल सोरी, परदेशी मरकाम, बंसत पडोटी, सरजू राम परते,राजकुमार कतलाम,जग्गू पडोटी आदि उपस्थित थे।

एनएसयूआई के बोल छत्तीसगढ़िया बोल के तहत प्रवक्ताओं का हुआ साक्षात्कार

रायपुर 9 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई द्वारा आज राजीव भवन में आयोजित बोल छत्तीसगढ़िया बोल कार्यक्रम का ग्रैंड फिनाले रखा गया। प्रवक्ता चयन कार्यक्रम को पिछले दो महीने से मुख्य चयनकर्ता संजीव शुक्ला एवं मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा प्रदेश के सभी संभागों में प्रेसवार्ता कर पोस्टर विमोचन किए थे।

मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा पोस्टर विमोचन कर प्रवक्ता चयन कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देश पर आज प्रवक्ता चयन कार्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सभी प्रतिभागियों को तीन-तीन मिनट मंच पर बोलने का मौका दिया गया। साथ ही उनका साक्षात्कार कर प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ की 5 साल की सरकार की जनकल्याणी योजनाओं के बारे में बताना था एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की 9 साल की विफलतियों को सभी के सामने रखना था।।

एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य चयनकर्ता संजीव शुक्ला ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में लड़ाई 15 साल कुशासन वी/एस 5 साल सुशासन के बीच होगी, 15 साल के कुशासन में जब प्रदेश में रमन सिंह जी मुख्यमंत्री थे तब प्रदेश में नान घोटाला, आँख फोड़वा कांड, गर्भाशय कांड, प्रियदर्शनी बैंक घोटाला, पूरे प्रदेश में चिट् फण्ड कंपनी का जाल, सैकड़ों गौ माताओं की भूख और प्यास से मौत, झिलयामारी काण्ड, नकली दवाई, किसानो के साथ अत्याचार, आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण, झिरम नरसंहार, नक्सलवाद का फैलाव, ऐसे अनगिनत कारनामे भाजपा सरकार के कुशासन में हुए और दूसरी तरफ प्रदेश में जब कांग्रेस सरकार आई भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने और बनते ही साथ किसानो का कर्जा माफ़, बिजली बिल हाफ, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, ग्रामीण भूमिहीन किसान मजदूर न्याय योजना, आदिवासियों की अधिगृहित जमीन वापस देने का कार्य, धन्वन्तरि जेनरिक मेडिकल स्टोर, स्वामी आत्मानंद सरकारी अंग्रेजी स्कूल का निर्माण, बेरोजगारी भत्ता, सरकारी अंग्रेजी महाविद्यालय का निर्माण, व्यायापम के परीक्षा फार्म निशुल्क किए, राम वन गमन पथ का निर्माण, कौशल्या माता मंदिर निर्माण, ऐसे अनेको जनकल्याणकारी काम किए हैं।

मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने कहा हमने पिछले दो महीना से छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में जाकर प्रेसवार्ता कर लोगों को बोल छत्तीसगढ़िया बोल कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया था सभी लोगों ने इसमें बेहद हर्ष उल्लास के साथ राजधानी के राजीव भवन में इसका ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में हिस्सा लिये। सभी प्रतिभागियों को मोदी सरकार की विफलतीया एवं कांग्रेस की 5 साल की जनकल्याणी योजनाओं के बारे में 3 मिनट का समय दिया गया था इस कार्यक्रम में सभी ने हिस्सा लिया और प्रदेश के छह प्रवक्ता दो संभाग प्रवक्ता एवं तीन- तीन जिला प्रवक्ताओं की नियुक्ति होगी। प्रवक्ता चयन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चयनकरता संजीव शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री संगठन हेमंत पाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक तुषार गुहा, मीडिया विभाग के अध्यक्ष संकल्प मिश्रा, जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, अर्जुन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

पुलिस लाइन में 18 एकड में सार्वजनिक मंच निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। नगर निगम द्वारा वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास कार्य के तहत रोड ,नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम ज्ञयन, खेल मैदान, मंच आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर वार्डो में कराये जा रहे है। इसी कडी में आज वार्ड नं. 19 देवानंद जैन स्कूल के पास पुलिस लाईन 18 एकड में महापौर निधि अंतर्गत 2.00 लाख रूपये की लागत से सार्वजनिक मंच निर्माण के लिये महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में छ.ग. श्रमिक कर्मकार संघ के सदस्य श्री वीरेन्द्र चौहान, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी व जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन के पूर्व आशीष राजपूत, आर.के. देशमुख, सूरेश वर्मा, कालीचरण देशमुख,डोमेन्द्र कुमार देशमुख, मंजू कोन्डरे, पूजा देशमुख, सरस्वती देशमुख, अश्वनी पडोती अंजू वर्मा ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि 18 एकड वालो की मांग पर आज महापौर निधि से मंच निर्माण के लिये भूमिपूजन किया जा रहा है। मंच निर्माण हो जाने से कालोनी वासियों को विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने हेतु स्थायी मंच मिल जायेगा। आप लोगों के सहयोग से इसी प्रकार के अन्य विकास कार्य कराये जायेगे। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अशोक देवांगन सहित पुलिस लाईन वासी उपस्थित थे।

निर्वाचन के कार्य में लगे नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे: कलेक्टर

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सी-विजिल, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं एमसीएमसी की टीम ड्यूटी पर तैनात रहे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में लगे सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन समर्पण एवं निष्ठापूर्वक करेंगे। उन्होंने कहा कि संगवारी मतदान केन्द्रों में जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें अच्छी तरह प्रशिक्षण प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं अन्य सुरक्षा बलों की स्वास्थ्य जांच के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने सुरक्षा बलों को बैरिकेटिंग के लिए बांस एवं बल्ली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम से कहा कि राजनीतिक दलों की बैठक लेकर उन्हें आदर्श आचार संहिता के संबंध में ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न दल रिहर्सल के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए इंटरनेट कनेक्टीविटी एवं वाईफाई के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में विद्युत व्यवस्था एवं जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं तथा दिव्यांगजनों को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए पूरी तैयारी रखें। पोस्टल-बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी, पुलिस अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी मतदान कर सकते हैं। उन्होंने मतदान दल, व्यय लेखा दल, नाम निर्देशन, मतदान सामग्री वितरण, मतदान दलों की वापसी, रूटचार्ट, मतगणना एवं अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी अनिवार्य रूप से रहेगी। उन्होंने सी-विजिल अंतर्गत नियमानुसार शिकायत की जानकारी तैयारी करने कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन व्यय लेखा, स्ट्रांग रूम, मतपत्र, स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, प्रेक्षक के लिए व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 15 लाख लोगों पर लगा जुर्माना

रायपुर 9 अक्टूबर। 2 अक्टूबर 2008 को लागू हुए धूम्रपान मुक्त नियमों के पंद्रह साल बाद, वर्ष 2019-22 के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में धूम्रपान निषेध नियमों का उल्लंघन करने पर 15 लाख, 07 हजार, 637 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। भारत में जानलेवा तम्बाकू उत्पादों से लोग लोगों को बचाने के लिए समय पर की गई पहल के लिए सरकार की सराहना करते हुए, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, डॉक्टरों और धूम्रपान से पीड़ितों ने चिन्हांकित धूम्रपान कक्षों को हटाकर देश को 100त्न धूम्रपान मुक्त बनाने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ की बात करें तो राज्य में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा के तहत 2023-24 में वर्तमान में 1732 लोगों पर चालानी कार्रवाई हुई है और 2,73,425 रूपया का चालान काटा गया है। ह्वाइस संबंध में प्रोग्राम मैनेजर, वीएचएआई (ङ्खढ्ढ) बिर्नोय मैथ्यू, का कहना है कि +धूम्रपान निषेध नियमों का कार्यान्वयन तंबाकू नियंत्रण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हालांकि वर्तमान में कोटपा 2003,निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्रों के रूप में कुछ सार्वजनिक स्थानों जैसे - (रेस्तरां, होटल और हवाई अड्डों) में धूम्रपान की अनुमति देता है। मेरा सुझाव है कि हमें 100त्न धूम्रपान मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए होटलों और रेस्तराओं और यहां तक कि हवाई अड्डों में भी सभी निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्रों को समाप्त कर देना चाहिए क्योंकि इनमें से अधिकांश निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्र कोटपा में निर्दिष्ट नियमों के अनुरूप नहीं हैं। जिसकी वजह से आम जनता सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आकर अनायास ही स्वास्थ्यगत परेशानियां झेल रही हैं। लंबे संघर्ष के बाद, 2 अक्टूबर 2008 से भारत में सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध और व्यापार का विनियमन और वाणिज्य उत्पादन, आपूर्ति और वितरण अधिनियम) 2003 की धारा (4) के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध है। जिसमें बाजार, कार्यस्थल, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, रेस्तरां, सिनेमा हॉल, थिएटर आदि शामिल हैं।

वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों का मार्गदर्शन कर बढ़ाया उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी जल्द घोषित होने से जिले के कांग्रेसजनो में उत्साह का संचार हुआ है साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान एवं जिला पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन से पार्टी की मजबूत संगठनात्मक सामंजस का संदेश भी नजर आया है ।

छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात प्रथम सम्मेलन में प्रदेश पदाधिकारीयों का सम्मान एवं जिला पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन आयोजित कर पार्टी संगठन एवं पदाधिकारीयों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रमाण दिया है और जिले के सभी विधानसभा सहित पार्टी के 75 पार के संकल्प को दोहराया है । सम्मेलन के स्वागत उद्बोधन में जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पार्टी का सेवा करने का मौका मिला है साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिले के वरिष्ठ कमंठ कांग्रेसजनों को प्रदेश पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी है उनका सम्मान करने का एवं जिला कांग्रेस की नई

कार्यकारिणी के पदाधिकारी के परिचय सम्मेलन के माध्यम से वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन प्राप्त हो अतः यह आयोजन किया गया है। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अंतव्यासी निगम धनेश पाटिला जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है वह अपने योजनाओं के कारण भरोसे की सरकार के रूप में स्थापित है और उस भरोसे को बरकरार रखते हुए हमें आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 75 पार के संकल्प के पूरा करने का दायित्व मिला है जिस पर हम सबको खरा उतरना है 5 वर्षीय कार्यकाल में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में जो कार्य हुए हैं वह अपने आप में रोल मॉडल है । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री लोकसभा राजनांदगांव प्रभारी शाहिद भाई ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में जो कार्य कर रही है उसका परिणाम यह है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने भी छत्तीसगढ़ सरकार को 65 पुरस्कारों से नवाजा है जो कांग्रेस सरकार की बेहतर योजनाओं का ही प्रमाण है सत्ता और संगठन के जबरदस्त सामंजस्य से हम सबको अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर के छ ग की जनता की सेवा करनी है । सभा को संबोधित करते हुए खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्री किशन खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी ने आप लोगों को जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन करना है और भाजपा के दुष्प्रचार का मजबूत जवाब हम सबको देना है। सम्मेलन में राजनांदगांव महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने महिला सशक्तिकरण की बात को मजबूती से रखते हुए भाजपा के महिला आरक्षण विधेयक पर राजनीतिकरण की तथ्यों के साथ पूरी पोल खोली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री पदम सिंह कोठरी, भारत यात्री क्रांति बंजारे पूर्व विधायक भोलाराम साहू ने भी संबोधित कर प्रदेश पदाधिकारी को सम्मान के लिए बधाई एवं जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी ।

वार्डवासियों को बेतरतीब खड़े वाहनों से मिलेगी राहत:कुलबीर

■ शीतला मंदिर के परिसर में पार्किंग को लेकर वार्डवासियों की मौजूदगी में हुआ भूमिपूजन

राजनांदगांव 9 अक्टूबर। शहर के अति व्यस्ततम वार्ड नम्बर 25 में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के चलते वार्डवासियों को पार्किंग के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं वार्ड में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के चलते आने-जाने वालों व आम जनता को काफी परेशानियां होती है। इसको लेकर वरिष्ठ पार्षद व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा विगत दिनों आयुक्त को पत्र लिखकर पार्किंग की सुविधा दिलाने की मांग रखी थी। जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 07 अक्टूबर को वार्ड के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्राचीन शीतला मंदिर रोड दिग्विजय कालेज जाने वाले मार्ग में पार्किंग व्यवस्था को लेकर मंत्रोचरण के साथ भूमिपूजन समारोह हुआ। इस संबंध में पार्षद व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि वार्ड में पार्किंग नहीं होने के कारण काफी तकलीफ होती है, जिनका घर अंदर गलियों में है उनका वाहन गलियों में खड़ी करने से आने-

जाने वालों को परेशानी होती है।

मेरे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल था कि वार्ड सुव्यवस्थित हो, वार्डवासियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले यही मेरा संकल्प है। आज जिसको लेकर वार्ड के नागरिकों के सुझाव के अनुरूप मां शीतला मंदिर परिसर के पास गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था कर रहे हैं वहीं वाहनों को धूप, पानी से बचाने के लिए शेड व बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा एवं वाहनों के देखरेख के लिए चौकीदार की व्यवस्था कर रहे है ताकि 24 घंटे वाहन चौकीदार के निगरानी में रहे।

भूमिपूजन के दौरान प्रमुख रूप से रामस्वरूप ठाकुर, अनिल ठाकुर, विष्णु ठाकुर, रिजवान गोरी, राजू यादव, बृथ अध्यक्ष यशवंत पवार, राहुल केमे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

कुलबीर ने बताया कि सबकी सहमति से यहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जायेंगे ताकि अपनी गाड़ियों को गाड़ी मालिक कभी भी मोबाइल के माध्यम से देख सके।

बीजेपी के लिए सत्ता देश की सेवा का माध्यम रहा है:तारकेश्वर प्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खैरागढ़ 9 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दायित्वों का निर्वहन करते हुए बिहार राज्य से पूर्व उपमुख्यमंत्री व लगातार चार बार से विधायक तारकेश्वर प्रसाद खैरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने पार्टी की गतिविधियों से लेकर बीजेपी प्रमुखों की बैठक भी ली तथा विधानसभा चुनाव के लिए टिप्स भी दिए जानकारी अनुसार बीजेपी कार्यालय पहुँचते ही जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने आत्मीय स्वागत करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद से पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराया। ततपश्चात बारी बारी से चुनाव सम्बन्धी

किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया गया जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने बताया कि खैरागढ़ विधानसभा में 283 बूथ व 59 शक्तिकेन्द्र है जो 5 मण्डल के अंतर्गत आता है। भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह के घोषणा 17 अगस्त को हुआ है। जिसके बाद प्रत्यासी का 5 मण्डल के सभी पदाधिकारियों से बैठक हो चुका है। तथा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने कहा कि पार्टी के दायित्व का निर्वहन करते हुए आज मुझे खैरागढ़ विधानसभा आने का मौका मिला है। मैं भारतीय जनसंघ से बीजेपी में कार्य कर रहा रहा हूं। हमारे लिए सत्ता देश की सेवा का माध्यम रहा है।वही कांग्रेस सत्ता में आकर सिर्फ अपना देखती है। कोरोना काल में भी हमारी भाजपा सरकार ने देश में सभी को टीका लगाया, मुफ्त में अनाज वितरण कराया, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण कराया साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 6 हजार रुपये सीधे किसानों के खाते में पहुचाने का कार्य बीजेपी कर रही है इस दौरान भाजपा विधायक प्रत्यासी विक्रांत सिंह, विधानसभा प्रभारी पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, तीरथ चंदेल,जीवन देवांगन, हरप्रसाद वर्मा, केशव चंदेल, नेतराम जंघेल, विनय देवांगन, गोरेलाल वर्मा, विकेश गुप्ता, हर्ष वर्मा, अनिल अग्रवाल, आलोक श्रीवास, कृष्ना वर्मा, अंकित अग्रवाल, सूर्यदमन सिंह, आयश सिंह, रूपेंद्र रजक, सौर्यदित्य सिंह, गिरजा चंद्राकर, देवकुमार सेन, शबाना बेगम, भावेश कोचर, चंद्रशेखर यादव, अवध वर्मा, जय प्रकाश साहू, अनुज देवांगन, कमलेश कोठले, कौशल कोसरे, दिनेश वर्मा, परमानंद साहू सहित भाजपाई उपस्थित थे।

संपादकीय

एशियाड में पदकों का शतक

चीन में हुए एशियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कहा जा सकता है कि यह भारतीय खिलाड़ियों की ऐतिहासिक सफलता है। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक एशियाड़ मे इतना शानदार प्रदर्शन नहीं किया था। एशियाड में सौ पदक जीतना भारत के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। इन सौ पदकों में 28 गोल्ड पदक हैं,38 सिल्वर पदक हैं तथा 41 कांस्य पदक हैं। भारत कभी 2023 के पहले कभी कल्पना नहीं करना था कि वह एशियाड़ में 28 गोल्ट पदक जीतेगा। यह तो कभी न भूलना वाला एशियाड है। हमारे खिलाडियों ने 41 स्पर्धाओं में भाग लिया तथा 107 पदक जीतकर पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर रहा। भारत ने पहली बार महिला कबड्डी,पुरुष कब्डडी,तीरंदाजी महिला,पुरुष,क्रिकेट व बैडमिंटन में गोल्ड जीता।कई ऐसे खेलों में भी भारत के खिलाडियों ने सिल्वर व कांस्य पदक जीते हैं जिनमें पहले भारत के लिए पदक जीतना मुश्किल होता था। इस बार चीन भारतीय खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने के लिए इरादे से गए थे और उन्होंने ऐसा कर दिखाया है। भारत तो और भी कई गोल्ड व सिल्वर जीत सकता था । भारतीय खिलाडियों के साथ कई खेलों में गड़बड़ी की गई। उनके प्रयास को नापा ही नहीं गया। इससे साफ हो गया कि चीन नहीं चाहता था कि भारतीय खिलाड़ी चीन में अच्छा प्रदर्शन कर गोल्ड जीते। इसलि चीनी अधिकारियों ने कई खेलों में भारतीय खिलाडियों के साथ पक्षपात किया। चीनी अधिकारियों के पक्षपात के बाद भी भारतीय खिलाडियोंन ने चीन मे ऐतिहासिक प्रदर्शन कर चीन को मुंहतोड़ जबाव दिया है। इसके अलावा तैराकी, जिमनास्टिक आदि खेलों में भारत ने भाग ही नहीं लिया। इससे भारत की पदक संख्या दूसरे देशों की तुलना में स्वाभाविक रूप से कम रही। सौ से डेढ़ सौ पदक में से कई पदक भारत जीत सकता है लेकिन आजादी के बाद देश में कई खेलों को महत्व ही नहीं दिया गया, इससे उसके खिलाड़ी सामने नहीं आ सकें हैं। राजनीतिक नेतृत्व ईमानदार हो तथा खेलों को बढ़ावा देने वाला हो तो देश के खिलाड़ी भी बेहतरीन प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाते हैं। यह आंकड़ों से साफ हो जाता है। यूपीए के समय 10 साल में तीन एशियाड हुए तथा 1553 खिलाडियों ने 175 मेडल जीते जिसमें 35 गोल्ड,43 सिल्वर व 97 कांस्य पदक जीते थे। जबकि मोदी के नौ साल में दो एशियाड हुए और उसमें भारतीय खिलाडियों ने 177 पदक जीते है जिसमें 44 गोल्ड,81 सिल्वर व 72 कांस्य पदक जीते हैं। इसमें चीन में हुए एशियाड में भारत ने पहली बार सौ से ज्यादा पदक जीते हैं, इससे पहले भारत एक बार में इतने पदक कभी नहीं जीत सका था। भारत से ज्यादा पदक चीन,जापान व कोरिया ने जीते हैं पदक तालिका में भारत सौ से ज्यादा पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। यह इसलिए हो सका है कि खेलों के लिए मोदी सरकार ने कांग्रेस के समय से अलग व्यवस्था की है। खेल संस्थाओं का अध्यक्ष खिलाडियों को बनाने की मांग तो बरसों से की जा रही थी लेकिन कांग्रेस के समय तो कांग्रेस नेता, उनके पुत्र या रिश्तेदार ही खेल संघ का अध्यक्ष हुआ करते थे और उनके समय खेल क्षेत्र भी भ्रष्टाचार से अछूता नहीं था। कामनवेल्थ गेम्स में हुआ भ्रष्टाचार आज भी देश में याद किया जाता है। खिलाड़ियों को खाना तक ठीक से नहीं मिलता था, यह किस्सा तो खूब चलता है कि खिलाडियों के लिए आया घी का डिब्बा खेल संघों के अधिकाीर अपने घर ले जाते थे। राजनीतिक नेतृत्व ईमानदार हो,खलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने वाला हो तो खिलाड़ी भी देश का मान बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। गांव का गरीब लड़का भी एशियाड़ में जाकर पदक जीत सकता है। कई राज्यों के खिलाडियों ने पदक जीते हैं, उनमें छत्तीसगढ़ को कोई खिलाड़ी नहीं है,यह अफसोस की बात है।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज पारिवारिक सुख शांति की वृद्धि होगी। आज जीवनसाथी आपसे कहीं घूमने जाने की डिमांड कर सकते हैं। मसाले का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। आपके दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज व्यापार आगे बढाने में सफल रहेंगे। लवमेट आज लंच पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज किसी रिश्तेदार के आने से घर में उत्साह का माहौल बनेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में अपने कार्यों पर ध्यान देने की जरुरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। क्राकरी का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आय के नजरिये से आज का दिन लाभदायक है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया पर आज आपकी किसी पोस्ट को ज्यादा पसंद किया जायेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा आज आप किसी जरुरी मीटिंग में हिस्सा लेंगे। घर गृहस्थी की टेंशने आज ख़त्म होंगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है। किसी शुभ समाचार के मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। घुटने की दर्द से परेशान लोगों को आज काफी राहत मिलेगी। आज अधिक धन व्यय करने से बचने की कोशिश करें। आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही करने से बचे। वकीलों को आज अधिक क्लाइंट्स से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज लवमेट के साथ आपको डिनर पर जाने का मौका मिलेगा। आज ऑफिस में आपके काम की प्रशंशा होगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपनी छोटी मोटी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें। आज आप दांपत्य जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को उपहार देंगे। फर्नीचर सम्बन्धी कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। राजनीति में सहयोगी साथ देंगे। ट्रान्सफर में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। ऑफिस में मिला टारगेट पूरा करने में आप व्यस्त रहेंगे। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहने वाला है।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा प्रॉफिट होगा। आज ऑफिस में अपनी बढ़ी हुई उर्जा के साथ काम करेंगे। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज आपके घर की कन्या को बड़ी सफलता हासिल होगी, घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जायेगा। आज आपके भाई आपसे मदद मागेंगे। लवमेट के बीच हो रही गलत फेहमियाँ आज ख़त्म होंगी।

तुला राशि- आज आपका दिन ख़ास रहने वाला है। आज किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर में उत्साह का माहौल रहेगा। धैर्य और सैय्यम रख कर काम करने में आपकी भलाई है, आपको सफलता हासिल होगी। सिंगर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा, आज आपका कोई गाना लोगों को बहुत पसंद आयेगा। बैंक से लोन लेने में आ रही समस्या आज ख़त्म होगी। ग्राफ़िक डिजाइनिंग सीख रहे लोगों के लिए दिन अच्छा है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज इस राशि के लोगों के कार्यक्षेत्र में बदलाव आयेगा । किसी मित्र या रिश्तेदार के वहज से व्यापार में लाभ होगा । आज आपका दांपत्य रिश्ता बेहतर बनेगा। डेकोरेशन कारोबारियों को कोई बड़ा आर्डर मिलने की सम्भावना है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले से बेहतर सुधार आयेगा, आज आय के एकाधिक स्रोत मिलेंगे। आज आप परिवार के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी इंटरव्यू में आपका सिलेक्शन होने के चांसेस है। आज परिवार में आपसी तालमेल बेहतर बनेगा। आज आपकी सलाह से दोस्तों की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार को अपनी कुशलता से आगे बढाने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी वर्ग अपने पुराने चैप्टर को रिवीजन करेंगे। आप-अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनायें रखें । आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, जिससे मन कुछ हल्का होगा । ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

मकर राशि- आज आपका दिन मिला-जुला परिणाम देने वाला है। आज आपके लिए संघर्ष की स्थिति रहेगी लेकिन धैर्य से काम करने पर सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज ख़त्म होगी। कास्मेटिक का कारोबार कर रहे लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। डिप्लोमा स्टूडेंट्स किसी टॉपिक में फ्रेंड्स की हेल्प लेंगे। आज आपको स्वास्थय सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी

कुंभ राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आज किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी । आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। कारोबार में बड़ों की सलाह कामयाबी दिलाएगी। परिवार के साथ ट्रिप पर जाने का विचार बना सकते हैं। आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की जरुरत है।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। पॉजिटिव सोंच के साथ काम करेंगे, तो आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। बी.टेक स्टूडेंट्स को अपने सीनियर्स से कुछ महत्वपूर्ण सीखने का अवसर मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। ऑफिस का कोई टारगेट पूरा करेंगे, जिससे बॉस आपको दूसरा टारगेट देने का मन बना सकते हैं। कोई मनचाही चीज मिलने से आपको बहुत प्रसन्नता होगी।

हम इतने व्यस्त हैं कि हमारे पास समय ही नहीं

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस विशेष - 10 अक्टूबर

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आजकल हम अक्सर सुनते हैं कि ÷हम बहुत व्यस्त रहते है, हमारे पास समय कहा, ऐसा कथन लोगों के जुबान पर बना रहता है और सोशल मीडिया पर कीमती समय बर्बाद करके खूब ओतप्रोत स्नेह दर्शाते है, परन्तु प्रत्यक्ष मिलने के लिए समय नहीं होता। आधुनिकता और दिखावे के चक्कर में हम अपनी संस्कृति, परंपरा, घर-परिवार, रिश्ते-नातों, अपनों से काफी दूर निकल गए है। बाहरी सुख के मृगतृष्णा में हम अपनी आत्मीय खुशियों की होली खुद ही जला आये है। सुंदर, सरल और संतुष्ट जीवन की ओर देखने का नजरिया अब बिल्कुल बदल गया है। लोग धन देखकर अब आदरभाव दिखाते हैं। लोगों की खुशी में खुश होने वाले लोग अब ईर्ष्या से जलने लगे है और कभी मासूम-सी मुस्कान रहने वाले चेहरों पर झूठी हंसी रहने लगी है। सच और अच्छाई की जगह अब झूठ और बुराई तुरंत वायरल होते हैं और ऐसे ही अफवाहों का बाजार निरंतर गर्म रहता है। मनोरंजन की दुनिया में अश्लीलता को सभ्यता का आचरण मानकर प्रोत्साहन दिया जा रहा और दूसरी तरफ सदाचार, ज्ञान को उबाऊ मानकर अवहेलना की जा रही है। गांवों से ज्यादा साधन सुविधा सम्पन्न शहरी लोग होकर भी ज्यादा बीमारियां लेकर घूमते हैं। शरीर को बीमार कर अस्पतालों में बड़े-बड़े बिल भरेंगे लेकिन अपनों से दिल मिलाने का समय नहीं हैं। हमने जो नहीं करना चाहिए बस वही कर रहे हैं इसीलिए स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ रहा है।

विश्वभर में तेजी से बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 10 अक्टूबर को ÷विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस÷ मनाया जाता है। वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा निर्धारित इस वर्ष 2023 की थीम ÷मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार÷ यह है। मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी मानव अधिकार अंतर्गत हर किसी को, चाहे वह कोई भी हो और जहां भी हो, मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का अधिकार है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रहने का अधिकार, उपलब्धता, सुलभता, स्वीकार्यता, अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल का पूर्ण अधिकार, स्वतंत्रता और समाज में शामिल होने का अधिकार है। वैश्विक स्तर पर आठ में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के साथ जी रहा है, किशोरों और युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्या तेजी से प्रभावित कर रही हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले लोग व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना कर रहे है। कई लोगों को घर-परिवार, सामाजिक जीवन से बाहर कर दिया जाता है, भेदभाव किया जाता है, कई मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल से वंचित रहते है, यह उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है। डब्ल्यूएचओ कहता है कि मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दिया जाए, प्रोत्साहित किया जाए, संरक्षित किया जाए, तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि हर कोई अपने मानवाधिकारों का उपयोग कर सके और उन्हें आवश्यक गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त हो सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, अवसाद एक सामान्य मानसिक विकार है। विश्व के लगभग 7 में से 1 किशोर को मानसिक विकार है। हर साल 700,000 से अधिक लोग आत्महत्या से मर जाते हैं। गंभीर मानसिक विकार वाले लोग सामान्य आबादी की तुलना में 10 से 20 साल पहले मर जाते हैं। कम आय वाले देशों में प्रति एक लाख आबादी पर एक से भी कम मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारी हैं, जबकि उच्च आय वाले देशों में 60 से अधिक हैं। अवसाद और चिंता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष उत्पादकता में लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। कोरोना महामारी के पहले वर्ष में दुनिया भर में चिंता और उदासी की व्यापकता में 25त्न की वृद्धि हुई थी। भारत को सबसे अवसादग्रस्त देशों में से एक कहा गया है, देश में आत्महत्या की ग्रोथ भी अधिक है। साल 2022 में कुल वित्तीय स्वास्थ्य बजट में से केवल 0.8% मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया गया था।

हमारा रहन-सहन, यांत्रिक संसाधन, प्रदूषण, व्यवहार, स्वार्थ और असंतुलित दिनचर्या ने हमें बीमार बनाया है। भौतिक सुख कभी आत्मीय सुख की जगह नहीं ले सकते फिर भी हम उसी के पीछे भाग रहे हैं और सुख चैन गवां रहे है। दुनिया में ऐसे कई अमीर लोग हैं जो अपना वैभव छोड़कर प्रकृति के सानिध्य में सादा जीवन जीते हैं क्योंकि इससे उन्हें मानसिक शांति मिलती है। आज के समय में मानसिक विकारों को बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हम खुद हैं, क्योंकि हमने खुद को नकारात्मक विचारों से घेर लिया है। दिन-रात बुरे विचार, गलत खान-पान, दूसरों पर ज्यादा भरोसा, दूरदृष्टि की कमी, दिखावा, गलत लोगो की संगत, सहनशीलता, मेहनत व जागरूकता की कमी ने हमारी सोच को ख़राब कर दिया है। लोगों में सहनशीलता इस कदर खत्म हो चुकी है कि अगर किसी को गलत काम करने से रोको तो वो आपको ही मारने पर उतारू हो जाता हैं, छोटी-छोटी बात पर आप खो देते है। अभिभावक के डांटने भर से बच्चे अनुचित कदम उठाने लगे है। किशोरों में नशाखोरी और अपराधवृत्ति लगातार बढ़ रही है। संस्कारों की धज्जियां तो खुले आम उड़ाई जाती है। बच्चे कहाँ जा रहे हैं, किससे मिलते, कहाँ समय व्यतीत करते, आज यह बहुत से अभिभावकों को पता नहीं है। अभिभावक क्या बच्चों को आवश्यक पोषक वातावरण बनाकर दे रहे है? आखिर कहा व्यस्त होते है इतना, कि खुद के लिए या बच्चों के अच्छे परवरिश के लिए भी हमारे पास समय नहीं होता। दुर्व्यवहार और कलह तनाव का कारण बनता है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन योग्य पद्धति से न करना ही भविष्य में समस्याओं की निर्मिति हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य विकार बढ़ाता है।

लोग इतना व्यस्त दिखते हैं कि एक ही बस्ती में रहकर भी सालों तक पुराने परिचितों, दोस्तों से मिल नहीं पाते हैं। लोगों की बड़ी-बड़ी बातें दिलों के बीच दूरी बढ़ाते हैं। अहंकार, द्वेष ने लोगों को व्यस्त किया हैं वर्ना समय सबके पास होता हैं, बस आपकी इच्छाशक्ति प्रबल होनी चाहिए। बिना किसी काम के निस्वार्थ भाव से किसी के लिए समय निकालकर उनसे मिलने जाना अब दुर्लभ होते जा रहा हैं। रक्तदान, अन्नदान की तरह आज के समय में वक्तदान भी बहुत महत्वपूर्ण दान बन गया हैं, औरों के लिए समय निकालना सबको सीखना होगा। मानसिक स्वास्थ्य को निरोगी बनाए रखना बहुत आसान है, केवल हमें अपने व्यस्त जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करना है। रोज खुद के लिए भी समय निकालना सीखें, सकारात्मक विचारों वाले लोगों से जुड़े, नशा और झूठे दिखावे से बचें, पोषक आहार लें, रोजाना व्यायाम और पूरी नींद जरूरी है। झगड़ालू और रोने-धोने वाले सीरियल मस्तिष्क को पीड़ा देते है, ऐसे सीरियल ना देखें। बच्चों को संस्कारशील और सुजान नागरिक बनाने की जिम्मेदारी अभिभावक की है, अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। बड़े-बुजुर्गो का आदर करें, हेल्दी दिनचर्या बनायें। हमारी वजह से किसी को भी हानि न हो, ईमानदारी से नियमों का पालन करें। जितना संभव हो, परोपकारिता के साथ जिएं। प्रकृति और पशु-पक्षी से प्रेम करें। अगर हम में कोई अच्छी हॉबी या अच्छी आदत हो तो उसे कभी भी छूटने ना दें। अपनों से मिले, हंसते-मुस्कुराते रहें, जिंदगी खुलकर जियें। हमारी छोटी सी जिंदगी है, समाधानी बनकर तनाव मुक्त जीवन जिएं।

मानसिक स्वास्थ्य समस्या होने पर जल्द मदद लें। भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत यह एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा है। काउंसलर से संपर्क करने के लिए यह 14416 या 1-800 891 4416 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं। भारत सरकार के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह 24×7 टोल फ्री नंबर 080 - 4611 0007 हेल्पलाइन है। देश के किसी भी हिस्से से लोग इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से मनोसामाजिक सहायता और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। राष्ट्रीय मानसिक आरोग्य पुनर्वसन संस्था हेल्पलाइन नंबर 1800 599 0019 उपलब्ध है। इसके अलावा बहुत से संगठन और एन.जी.ओ. भी मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधित सेवाओं के लिए 24 घंटे तत्पर हैं, उनसे भी संपर्क कर सकते है।

कट्टरपंथियों की असहिष्णुता का शिकार अहमदिया मुसलमान

चिंतन

तनवीर जाफ़री

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जून 2022 में लगे एक पुस्तक मेले में जाने का अवसर मिला। यहाँ अन्य तमाम बुक स्टाल के साथ ही एक बुक स्टाल अहमदिया समुदाय के मुसलमानों द्वारा भी लगाया गया था। जबकि इस्लाम धर्म के अन्य किसी वर्ग यहाँ तक कि किसी दूसरे धर्म के लोगों का भी कोई बुक स्टाल यहां नज़र नहीं आया। उत्सुकतावश अहमदिया समुदाय के स्टाल पर कुछ समय के लिये रुकना हुआ।यहाँ मेरी मुलाक़ात जिन लोगों से हुई उनमें ज़ैन चौधरी नामक एक उत्साही व होनहार युवा भी थे जोकि अहमदिया समुदाय की पंजाब शाखा से सम्बद्ध थे। उनसे हुई संक्षिप्त बातचीत में यही लगा कि यह एक शिक्षित समुदाय है जोकि प्रमुखता से विश्व शांति व सद्भाव की बातें करता है। इस समुदाय के लोगों की दिलचस्पी किसी दूसरे धर्म,समुदाय अथवा वर्ग के लोगों में कमियां निकलने,उनकी निंदा करने या उन्हें ग़लत साबित करने में नहीं बल्कि वैश्विक शांति व सद्भाव में ही है। मैंने अपने जीवन में कभी भी अहमदिया समुदाय के किसी भी समागम में हिस्सा नहीं लिया न ही इनके द्वारा आयोजित किसी कार्यक्रम में कभी शिरकत करने का कोई मौक़ा मिला। परन्तु कुछ दिनों पूर्व 27 मई को चंडीगढ़ में जब अहमदिया समुदाय की पंजाब शाखा ने एक सर्व धर्म समागम का आयोजन किया गया और शिरकत के लिये मुझे भी आमंत्रित किया गया तब पहली बार इस समुदाय के किसी कार्यक्रम को व्यक्तिगत रूप से देखने सुनने का अवसर मिला। अहमदिया समुदाय द्वारा आयोजित इस सर्वधर्म समागम में अहमदिया समुदाय के अतिरिक्त हिन्दू समुदाय की ओर से इस्कॉन मंदिर रोहिणी के प्रमुख,ईसाई समुदाय के पादरी सिख समुदाय के धर्मगुरु व एस जी पी सी के सदस्य , कई गुरुद्वारे के प्रमुख,ब्रह्माकुमारी मिशन व बुद्धिस्ट समुदाय के अतिरिक्त कई शिक्षाविद भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय राष्ट्रगान जन गण मन से हुई। इस पूरे कार्यक्रम के दो ही मुख्य सार थे। एक तो यह कि लगभग सभी धर्म व समुदाय के वक्ताओं ने अहमदिया समुदाय को एक मज़लूम (अत्याचार सहने वाले) समुदाय के रूप में चिन्हित किया। और दूसरा यह कि अहमदिया समुदाय के किसी भी वक्ता द्वारा मुस्लिम समुदाय के किसी भी वर्ग के विषय में कोई भी नकारत्मक बात नहीं की गयी न ही उनकी चर्चा की गयी। केवल विश्व शांति सद्भाव के सन्देश दिए गए। इस विषय पर जब मैंने आयोजक गण से जानना चाहा कि उन्होंने अन्य कई समुदाय के धर्मगुरुओं को तो आमंत्रित किया परन्तु मुस्लिम समुदाय के किसी भी वर्ग के धर्मगुरु को आमंत्रित क्यों नहीं किया? इसपर जवाब मिला कि ऐसा इसीलिये है कि उनका विरोध ही केवल मुस्लिम समुदाय के लगभग सभी वर्गों द्वारा किया

जाता है। यहाँ तक कि मुसलमानों के जो दो वर्ग आपस में भी लड़ते हैं वे भी अहमदिया विरोध के नाम पर एकजुट हो जाते हैं।

मैंने भी अन्य लोगों की ही तरह जब भी अहमदिया मुसलमानों के बारे में कभी सुना या पढ़ा तो यही कि पाकिस्तान में इनकी मस्जिदें तोड़ी गयीं या उनमें आग लगाई गयी। या इनके क़ब्रिस्तानों में क़ब्रों को तोड़ा गया। या किसी अहमदिया मुसलमान की बेरहमी से हत्या की गयी। इत्तेफ़ाक़ से यह उसी पाकिस्तान देश में सबसे ज़्यादा होता है जहाँ धर्म के नाम का ढोल सबसे अधिक पीटा जाता है। जिस देश की बुनियाद ही धर्म के नाम पर पड़ी, दुर्भाग्यवश वही देश सबसे अधिक अधर्म का भी शिकार है। इस देश में एक बड़ा कट्टरपंथी वर्ग यह तय करता है कि कौन मुसलमान है तो कौन ग़ैर मुस्लिम। कौन जन्नत में जायेगा तो कौन जहन्नुम में। किसे स्वयं को मुसलमान कहने का अधिकार है और किसे नहीं। और इसी कट्टरपंथी व रूढ़िवादी वर्ग के लोग अहमदिया मुसलमानों की जान व माल के दुश्मन बने हुए हैं। चाहे इनके तन पर कपड़े व पेट में रोटी हो न हो पर शिया,अहमदिया,सिख,हिन्दू,ईसाई या अल्पसंख्यक वर्ग के किसी व्यक्ति या समुदाय के विरुद्ध फ़तवा जारी कर देना इनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

पाकिस्तान को गर्त में ले जाने वाले इन कट्टरपंथियों की हद दर्जे की संकीर्णता व असहिष्णुता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन्होंने पाकिस्तान के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता अब्दुस सलाम जिन्हें 1979 में भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हासिल हुआ था उनका नाम ही स्कूलों की पाठ्य पुस्तिकाओं से केवल इसलिये हटा दिया था क्योंकि वह अहमदिया समुदाय से सम्बन्ध रखते थे। यहाँ तक कि अब्दुल सलाम की क़ब्र पर लगे पत्थर से उनके नाम के साथ लगा %मुस्लिम% शब्द भी मिटा दिया गया था। ग़ौर तलब है कि अहमदिया समुदाय को पाकिस्तान में मुसलमान नहीं माना जाता है। अब पाकिस्तान की शान बढ़ाने के लिये अब्दुल सलाम की क़ब्र पर यह ज़रूर लिखा गया है- %पहला नोबेल पुरस्कार विजेता%। हाँ नवाज़ शरीफ़ ने अपने कार्यकाल में इस्लामाबाद की क़ायद-ए-आज़म यूनिवर्सिटी के नेशनल सेंटर फ़ॉर फ़िज़िक्स का नाम बदल कर सलाम के नाम पर रखने को मंज़ूरी ज़रूर दे दी थी। हालांकि यह भी कट्टरपंथियों को बहुत नागवार गुज़रा था।

भारतीय राज्य पंजाब के लुधियाना के क़स्बा कादियान में 1889 में स्थापित हुये अहमदिया समुदाय के संस्थापक मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद थे। मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद स्वयं को पैग़ंबर मोहम्मद का अनुयायी तो बताते थे परन्तु उन्हें इस्लामी मान्यताओं के अनुसार आख़िरी पैग़ंबर नहीं मानते थे। बल्कि वे स्वयं को अल्लाह की ओर से भेजा गया मसीहा मानते थे। उनकी विचारधारा इस विश्वास पर आधारित थी कि मुस्लिम धर्म और समाज को पतन से बचाने के लिए पवित्र रूप से सुधारों की ज़रूरत है। अहमदिया मुस्लिम समुदाय की मान्यताओं के मुताबिक़ मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद को ईश्वर ने धार्मिक युद्धों को ख़त्म करने, ख़ून ख़राबे की निंदा करने और नैतिकता-न्याय के साथ शांति बहाल करने के लिए पृथ्वी पर भेजा था। अहमदिया मुसलमानों द्वारा हज़रत मुहम्मद को आख़री पैग़ंबर नहीं मानना और मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद को अल्लाह की ओर से भेजा गया मसीहा मानना,साथ ही स्वयं को अहमदिया मुसलमान भी लिखना मुस्लिम धर्म के कुछ वर्गों को नहीं भाता। यहाँ तक कि वे इन्हें देखना इनसे वास्ता रखना तक नहीं पसंद करते।

ऐसे में और भी कई सवाल खड़े होते हैं। क्या इस्लाम धर्म से सम्बंधित सभी वर्गों की मान्यताएं एक जैसी हैं? विभिन्न इस्लाम सम्बंधित समुदायों में नमाज़ पढ़ने व वज़ू करने के तरीक़े अलग हैं। अज़ानें भिन्न हैं। रोज़ा इफ़्तार का वक़्त व सहरी का समय भिन्न है। क़ुरआन शरीफ़ के अनुवाद में अंतर है। कोई वर्ग हज़रत मुहम्मद की रिसालत के दौर के बाद चार ख़लीफ़ाओं के दौर -ए -ख़िलाफ़त को मानता है तो कोई इसे मानने के बजाये बारह इमामों के इमामत के दौर पर यक़ीन रखता है। इसी तरह खोजा-बोहरा समुदाय के लोगों की मान्यतायें अलग हैं। इसका मतलब यह तो नहीं कि जिनसे आपकी मान्यताएं या विश्वास मेल न खायें उनकी मस्जिदें तोड़ दी जायें,उनकी दरगाहों व इमाम बारगाहों को ध्वस्त कर दिया जाये। उनके जुलूसों पर हमले किये जाएँ,आत्मघाती हमलावरों की फ़ौज बना दी जाये और मस्जिदों में नमाज़ियों को शहीद किया जाये ? इन कट्टरपंथियों को याद रखना चाहिए कि करबला में हज़रात मुहम्मद के परिजनों को बेरहमी से भूखा प्यासा शहीद करने वाले भी ऐसी ही कट्टरपंथी विचारधारा के लोग थे जिनमें तमाम मुफ़्ती ,हाफ़िज़,क़ारी और मुअज़्ज़िन (अज़ान देने वाले) भी शामिल थे। करबला का यह कलंक इस्लाम के माथे से कभी मिटने वाला नहीं है। अल्लामा इक़बाल ने यूँ ही नहीं कहा था कि - क्या तमाशा हुआ इस्लाम की तक़दीर के साथ= क़त्ल शब्बीर हुए नारा- ए-तकबीर के साथ ? दुर्भाग्यवश आज तक ख़ून बहाने का यह सिलसिला जारी है और पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दू,ईसाई, सिख बरेलवी व शिया समुदायों की ही तरह अहमदिया मुसलमान भी कट्टरपंथियों की असहिष्णुता का शिकार बना हुआ है।

व्यंग्य

मुझसे शादी करोगी...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

मैं अपनी माँ से बहुत प्यार करता हूँ। लेकिन इन दिनों उनसे बहुत परेशान भी हूँ। वह बात-बात में चिढ़ जाती है। कहती है ङ्क ÷तू मुझे अच्छी माँ, प्यारी माँ जैसी बातों से बहलाने-फुसलाने की कोशिश मत कर। तू यह बता मुझे दादी कब बना रहा है?÷ मैं माँ को कैसे समझाऊँ कि तुझे दादी बनाने के लिए मुझे पहले शादी करनी होगी। उसके लिए एक लड़की चाहिए होती है, जो कि अमेजॉन या फ्लिपकार्ट में ऑनलाइन ऑर्डर करने से होम डिलेवरी नहीं होती। उसके लिए पहले पहल मैं किसी लड़की को पसंद आऊँ तो बात बनें। मैं ठहरा काला-कलूटा। थोबड़ा ऐसा कि बच्चा चोर लगता हूँ। लोग कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज द बेस्ट इंप्रेशन। मेरा तो फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन है। अब भला मुझे कौन लड़की देगा। ऊपर से सरकारी नौकरी भी नहीं है। प्राइवेट कंपनी में धक्के खा-खाकर दो चीज़ें हासिल की हैं, एक हर दो महीने में जूते घिस जाते हैं और दूसरा टेंशन के मारे झड़ते हुए सिर के बाल। किसी दिन मेरा थोबड़ा और गंजापन मुझे भूतिया फिल्मों का खलनायक बनाकर ही छोड़ेगा। किसी ने खूब कहा है सूरत क्या देखते हो सीरत देखिए। यह जिस किसी ने भी कहा है वह मुझे मिल जाए तो मैं उसकी बैंड बजा दूँ। कल की ही बात है मैं अपने ध्यान में मग्न सड़क के एक किनारे चला जा रहा था। उधर दूसरी ओर से एक लड़की आ रही थी। उसकी शक्ल भी कुछ खास नहीं थी। न जाने उसे क्या हुआ मुझे देखते ही दूसरी ओर हो ली। मुझे कभी-कभी संदेह होता है कि मेरे चेहरे पर कहीं खतरे का निशान वाला बोर्ड तो नहीं लगा है। जिसे देखो उसे मुझसे कन्नी काटने में ही भलाई समझता है। इतना ही नहीं जब से लड़कियों के साथ बलात्कार के मामले बढ़े हैं तब से सारी लड़कियाँ और यहाँ तक कि कुछ उम्रदराज औरतें भी पल्लू से खुद को ऐसे ढक लेती हैं जैसे पूरे देश में बलात्कार के मामले मुझी पर चल रहे हैं।

दुनिया को छोड़िए साहब। मेरे माँ-बाप को ही ले लीजिए। जब मैं पैदा हुआ था और उन्होंने मुझे गोदी में लेकर देखा तो उनकी प्रतिक्रिया चौकाने वाली थी। उनके मुँह से हल्की सी चीख निकल पड़ी। अस्पताल के वार्ड में उपस्थित लोगों को लगा हो न हो इनको लड़की हुई है। उस दिन से आज तक मेरी माँ का एक ही लक्ष्य रहा कि किसी भी सूरत में मुझे गोरा बनाया जाए। माँ ने रसोईघर में माइकल जैक्सन का पोस्टर लगाए बार-बार यही रट्टा लगाती कि जब उसकी माँ कर सकती है तो मैं क्यों नहीं कर सकती। मेरे बदन को बादाम तेल का अखाड़ा और भैंस के दूध का डायरी फार्म बना दिया था। मैं आज वयस्क हो चुका हूँ बावजूद इसके माँ मुझे कभी चाय या कॉफी को हाथ लगाने नहीं देती।

उन्हें भय है कि कहीं इसे पीकर मेरा लड़का एकदम डामर न बन जाए। यहाँ तक कि बूस्ट और बोर्नवीटा से भी परहेज करती है। उनका मानना है कि जिस रंग की वस्तुओं का सेवन करते हैं हम उसी रंग में ढल जाते हैं। यही कारण था कि मुझे केवल और केवल सफेद वस्तुएँ खिलाई जाने लगीं, जैसे चावल के साथ दही, इड्ली के साथ नारियल की चटनी आदि। मैं माँ को कैसे समझाता कि कोयले को लाख धोओ वह उज्ज्वल नहीं बन सकता। आदमी का गोरा या काला होना अपने हाथ में थोड़े न होता है। आनुवंशिकता भी कोई चीज कहाती है। मेरे दादा काले और अमीर थे। मेरी दादी गोरी और गरीब थी। परिणाम यह हुआ कि मेरे तक आते-आते मैं काला और गरीब निकला। वहीं मेरे चचेरे भाई-बहन गोरे और धनी निकले। वे मेरा मजाक उड़ाते हुए कहते कि तू तो बड़ा किस्मत वाला है। जब चाहें तब धूप में निकल सकता है, हमारी ऐसी किस्मत कहाँ। मुझे उन पर बड़ा गुस्सा आता। क्या मेरी चमड़ी, चमड़ी नहीं है? क्या यह गोरी चमड़ी की तरह नहीं जलती है? कैसे बताऊँ ऐसे लोगों कि मेरी चमड़ी भी तुम्हारी जैसी है। कोई टेफलॉन की थोड़ी न है कि इस पर धूप का असर नहीं होगा। मेरे साथ जो कुछ भी हो रहा है वह सब चमड़ी का नहीं रूढ़ीवादी धारणाओं का खेल है। ऐसे लोगों के हिसाब से सफेद गाय कुछ घंटों के लिए धूप में खड़ी कर दी जाए तो वह भैंस बन जाएगी। इसी सोच का परिणाम है कि टी.वीं के महाभारत में श्रीकृष्ण का पात्र निभागे वाला भी गोरा था। यह वही बात हुई कि लिनार्डिकार्पियो नेल्सन मंडेला का पात्र निभा रहा हो। ज्यादातर लड़कियाँ गोरे पति चाहती हैं, बहुत कम होती हैं जो रंग का भेद नहीं करतीं, बशर्ते कि वह पैसे वाला हो। मैं यह सब इसलिए बता रहा हूँ कि मैं शादी की वेबसाइटों का भुक्तभोगी हूँ। मेरा चेहरा इन वेबसाइटों के लायक ही है। इसे टिंडर पर पूछने वाला कोई नहीं है। शादी की वेबसाइटों पर सौ लड़के तो पचास लड़कियों के फोटो होते हैं। इन पचास में से आधे विदेशी वरों की तलाश में रहती हैं और आधी आईआईटी, आईआईएम, आईएएस की तलाश में। मेरे जैसों की तो गिनती ही नहीं है। इन वेबसाइटों पर पैसा फूँकना मतलब घाटे का सौदा है। फिर भी मैंने अपनी प्रोफाइल पर लिखा कि मैं शुद्ध शाकाहारी, हट्टा-कट्टा हूँ और नशाखोरी बिल्कुल नहीं करता। सौभाग्य से पाँच लोगों के ऑफर भी आए, दुर्भाग्य से वे रक्तदान जैसी स्वयंसेवी संस्था से थे। मैं आज भी उनकी संस्था को अपना रक्तदान करता हूँ और वे बदले में कुछ रुपए और एक सेब थमा देते हैं।

ANNEX I[4]
FORM - A
FORM OF BALANCE SHEET

BALANCE SHEET OF THE RAIPUR URBAN MERCANTILE CO-OP. BANK LTD. RAIPUR (CG)

BALANCE AS ON 31st MARCH 2023

(Amount in Rs.)

	Schedule	AS ON 31-3-2023 (CURRENT YEAR)	AS ON 31-3-2022 (PREVIOUS YEAR)
CAPITAL AND LIABILITIES			
CAPITAL	1	5,517,700.00	4,949,300.00
RESERVES AND SURPLUS	2	32,849,525.02	31,451,784.67
DEPOSITS	3	238,413,156.38	232,479,565.42
BORROWINGS	4	0.00	0.00
OTHER LIABILITIES AND PROVISIONS	5	3,548,382.02	7,064,264.40
TOTAL		**280,328,763.42**	**275,944,914.49**
ASSETS			
CASH AN BALANCES WITH RESERVE - BANK OF INDIA	6	7,784,399.00	8,234,440.00
BALANCE WITH BANKS AND MONEY - AT CALL AN SHORT NOTICE	7	53,263,864.50	57,248,119.13
INVESTMENTS	8	89,876,960.00	105,840,785.00
ADVANCES	9	117,359,094.86	99,050,359.56
FIXED ASSESTS	10	1,723,927.85	1,932,823.80
OTHER ASSETS	11	10,320,517.21	3,638,765.00
TOTAL		**280,328,763.42**	**275,945,292.49**
CONTINGENT LIABILITIES	12	2,427,584.06	2,004,657.65
BILLS FOR COLLECTION			

THE RAIPUR URBAN MERCANTILE CO-OP. BANK LTD. RAIPUR (

ANNEX I
FORM - B
Form of Profit and Loss Account for the year ended on
31st March 2023

(Amount in Rs.)

		Schedule	AS ON 31-3-2023 (CURRENT YEAR)	AS ON 31-3-2022 (PREVIOUS YEAR)
I.	Income			
	Interest	13	17,498,437.00	17,783,338.00
	Other Income	14	3,292,003.70	2,606,353.31
निर्देशानुसार एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव उप पुलिस अधीक्षक श्री अमृत कुजूर के निर्देशन में आज दिनांक 07.10.2023 को यातायात प्रभारी श्री नरेश कांगे व स्टाफ द्वारा, उपरोक्त दर्शित मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत यातायात नियमो का उल्लघंन करने वाले चालको पर सख्ती से कार्यवाही कर वसूला गया जुर्माना। वही माल वाहन चालको से सवारी न ढोने हेतु समझाईस के साथ कर रही अपील। आगामी दिनाक को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के द्वारा सडक दुर्घटना में अंकुश लगाने एवं सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से माल वाहन यानो पर सवारी ढोने वाले चालको, एवं तीन सवारी तेजगति खतरनांक ढग से वाहन चलाने वाले ,शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा।

महिला आरक्षण बिल से घबरा गई है कांग्रेस:श्यामबाई साहू

कसडोल ,9अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही टिप्पणी पर कड़ा एतराज जताया है। भाजपा प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू ने कहा कि कांग्रेस

नेताओं और आम आदमी पार्टी के नेताओं का बयान उनकी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। इस बिल के संसद के दोनों सदनों में पारित होने से कांग्रेस पूरी तरह घबरा गई है उन्हें पता चल गया है कि उनकी जमीन और वोट बैंक (दोनों ही) अब खिसक गई है। लड़की हूँ, लड़ सकती हूं, जैसे जुमलों से देश की आधी आबादी को अब भरमाया नहीं जा सकता। नारी शक्ति का सम्मान सनातनी परंपरा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पारित कराकर न केवल सनातनी परंपरा का सम्मान किया है बल्कि विश्व में भारत की बढ़ती गरिमा को एक कदम और आगे बढ़ाया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार का चुनावी जुमला कहा था। झूठ और आडंबर के सागर में डुबकी लगाने वाले छत्तीसगढ़ के भी कुछ नेताओं की इस बिल को लेकर ऐसी ही प्रतिक्रियाएं आई है, जो एक कहावत है खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे ÷ से ज्यादा कुछ भी नहीं है। भाजपा प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू ने कहा कि जनता जानती है कि झूठे वायदे करके सत्ता पाने का हथकंडा कांग्रेस अपनाती है। 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले बड़े-बड़े वायदे कर सत्ता पाने वाली भूपेश सरकार अपने वादे पांच साल बाद भी पूरा नहीं कर पाई है। ये वही कांग्रेस है जो केंद्र में 10 साल के अपने शासनकाल में महिला आरक्षण का झुनझुना देश की बहनों को दिखाती रही, और षड्यंत्रपूर्वक बिल को संसद में रोके रखी। अब जो लोग महिला आरक्षण बिल को जुमला कह रहे हैं उनको जान लेना चाहिए।

सूची अधिकृत नहीं है,पार्टी जिसको भी टिकिट देगी उसके लिए मैं पूरी निष्ठा से काम करूंगा:राकेश

बालोद,9 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भारतीय जनता पार्टी की दूसरी संभावित लिस्ट सोशल मीडिया में वायरल हुवा जिसमे संजारी बालोद विधानसभा से संभावित प्रत्याशी के रूप में राकेश यादव का नाम उभर कर सामने आ रहा है जिसके बाद से बालोद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है ।

राकेश यादव छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ कर छात्र राजनीति करते हुए भाजपा की राजनीति में आकर उन्होंने संगठन मे बूथ में काम की शुरुवात की,आगे मंडल के महामंत्री रहे मंडल अध्यक्ष दो बार रहे,जिला भाजपा के महामंत्री रहे फिर प्रदेश मंत्री के दायित्व को भी निभाते हुवे भाजपा को नगर में जिला में खड़े करने का काम किया 2004 में बालोद नगर पालिका का चुनाव जीतकर नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष बने और अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में उन्होंने शहर में बहुत से विकास कार्य करवाये जो आज बालोद के लिए मिल का पत्थर साबित हुई जैसे बालोद नगर पालिका जहां आज वर्तमान में स्थापित है वह भी उनके अध्यक्ष कार्यकाल की देन है जहां सर्वप्रथम बालोद जिला बनने के बाद कलेक्टर कार्यालय की स्थापना की गई थी साथ ही राकेश यादव ने विभिन्न चुनाव में चाहे वह नगर पालिका का हो चाहे वह पंचायती चुनाव हो चाहे वह विधानसभा और लोकसभा हो पार्टी के लिए तन मन धन से लगाकर पार्टी को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाई है सन 1998 की बात हो सन 2003 2008 की बात

हो तीन बार अगर भाजपा का विधायक बना है तो उसमें अहम भूमिकाओं में से एक राकेश यादव की रही है. भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि राकेश यादव क्षेत्र के लिए कोई नया नाम नही है भाजपा के प्रति इनकी निष्ठा और इनके संघर्षो को हमने देखा है और परखा है यदि पार्टी इनको प्रत्याशी बनाती है तो निश्चित है बालोद विधानसभा में कमल का फूल खिलेगा और भाजपा की जीत होगी । पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष प्रीतम यादव ने बताया कि राकेश यादव को यदि भाजपा प्रत्याशी बनाती है तो लोगो को हर्ष होगा क्योंकि राकेश जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में से एक है यह कोई पैराशूट प्रत्याशी नही है बल्कि क्षेत्र के लिए जाना पहचाना चेहरा है यदि पार्टी इनके नामो पर विचार करती है और इनको टिकिट देती है तो निश्चित ही हमारी जीत होगी । भाजपा नेत्री हितेश्वरी कौशिक ने कहा कि बालोद जिले में यदि भाजपा संघठन को खड़े करने में यदि किन्ही की मुख्य भूमिका है तो उसमें यशवंत जैन राकेश यादव जैसे कार्यकर्ताओ का नाम विशेष रूप से है इन्होंने ने यहां कार्यकार्यो का निर्माण किया है साथ यहां 3-4 बार भाजपा विधानसभा चुनाव जीती इसमें इनकी मुख्य भूमिका रही । इस विषय पर जब राकेश यादव से चर्चा की गई तो राकेश यादव ने कहा कि पार्टी की सेवा करते लगभग 30 वर्ष मुझे हो गए हैं पार्टी ने जो भी जवाबदारी मुझे दी है मैंने सहर्ष स्वीकार किया है आगे भी पार्टी मुझे जो जवाबदारी देगी मैं उसका पूरा इमानदारी से निर्वहन करुंगा और प्रत्याशी चयन के विषय मे उन्होंने बताया कि अभी जो सूची वायरल हुई है वह अधिकृत नही है पार्टी का हर एक कार्यकर्ता योग्य है और बहुत से लोगो ने दावेदारी की है मैने भी की है सभी योग्य है पर पार्टी जिसको भी टिकिट देगी उसके लिए मैं पूरी निष्ठा से काम करूंगा इस क्षेत्र में कमल खिला कर भाजपा का विधायक बने ये हमारी प्राथमिकता है ।

निर्वाचन कार्य में त्रुटि की गुंजाइश बिल्कुल भी नहीं:शर्मा

बालोद ,9 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा ने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने कहा कि इस बार में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं होती। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन विशेष सावधानी के साथ त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्वों के संबंध में किसी प्रकार की शंका होने पर उसका समाधान प्रशिक्षण के दौरान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री शर्मा आज विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान अधिकारियों को उत्साहित के निर्देश

दिए हैं। इस दौरान उन्होंने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एवं शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा तथा शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में चल रहे मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का जायजा लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय, एस.डी.एम. डौण्डीलोहारा श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, एस.डी.एम. गुण्डरदेही श्री मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान उन्होंने मॉकपोल, मतदान के निर्धारित समयावधि, मतदान अधिकारियों के मतदान केन्द्र में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान अधिकारियों से मॉकपोल के दौरान डाले जाने वाले न्यूनतम मतों की संख्या तथा मॉकपोल एवं मतदान के दौरान ईव्हीएम खराब होने की स्थिति में किए जाने वाले कार्य के संबंध में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को मतदान सामग्री प्राप्त करना, ईव्हीएम-कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, व्हीव्हीपैट मशीन, हरी पत्र मुद्रा, लेखन सामग्री, मतदान के एक दिन पूर्व की तैयारी, मतदान केन्द्र की व्यवस्था, मतदान के दिन मतदान प्रारंभ के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल का आयोजन, ईव्हीएम मशीन को वास्तविक मतदान के लिए तैयार करना, नियत समय पर मतदान प्रारंभ करना, मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिए अधिकृत व्यक्ति, प्रत्येक दो-दो घंटे में डाले गए मतों की संख्यात्मक जानकारी जोनल आफिसर को देना तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।

शिवसेना भ्रष्टाचार,अन्याय के खिलाफ कर रही जनजागरण

भानुप्रतापपुर ,9 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

शिवसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के गांव गांव ,शहर, कस्बा सभी जगह पर नुक्कड़ सभा, रैली का आयोजन कर केंद्र के भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं प्रदेश सरकार के विधायकों के अन्याय, अत्याचार, शोषण, भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरण कर। शासन की योजनाओं में क्षेत्रीय विधायक, सांसद द्वारा किए जा रहे कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार को उजागर किया जा रहा है। एवं सरकारों के थोथे विकास को आइना दिखाया जा रहा है। इसी तारतम में शिवसेना द्वारा ग्राम चारगांव मेंटाबोदेली में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन कर आम जनता को उसके हक और अधिकार के प्रति जागरूक करने, उसको प्रदेश के विधायकों द्वारा किए जा रहे अन्याय ,अत्याचार ,शोषण के विरुद्ध संगठित होकर संघर्ष करने प्रेरित किया जा रहा है। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए शिवसेना नेता रामनारायण उसेडी ने कहा कि आज अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों, भाजपा नेताओं द्वारा मिलीगत भगत कर खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। कांग्रेस और भाजपा के नेता अपने पार्टी

की आड़ में क्षेत्र के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पुल पुलिया, बिजली, पानी हेतु आए हुए अरबो रुपए का बंदरबाट कर रहे हैं।क्षेत्र के विधायक और संसद द्वारा क्षेत्र के सोसको पूंजीपतियों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है। और कमीशन खोरी किया जा रहा है। क्षेत्र में शिवसेना ही एक ऐसी पार्टी है जो सदैव आम जनता के हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर आम जनता को उसका हक और अधिकार दिलाती हैं। और आगे भी क्षेत्र की जनता के पक्ष में क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों एवं क्षेत्र के हक और अधिकार हेतु शिवसेना सदैव लड़ती रहेगी। शिवसेना के नुक्कड़ सभा में क्षेत्र के सैकड़ो शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे। एवं शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शपथ लिया कि अगर क्षेत्र में कोई भी अन्याय, अत्याचार, शोषण और भ्रष्टाचार करता है ।तो शिव सैनिक प्रत्येक गांव में संगठन बनाकर उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। शिवसेना द्वारा आगे नुक्कड़ सभा में क्षेत्र की जनता से अपील किया गया कि क्षेत्र के हक और अधिकार हेतु सदैव लड़ने वाली शिवसेना पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में आम जनता अपना आशीर्वाद देकर छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहुंचाएं ।जिससे कि क्षेत्र का शिवसेना कार्यकर्ता विधानसभा में जाकर अंतागढ़ विधानसभा की मूलभूत समस्याओं हेतु लड़ सके और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर सके।

पुरानी योजना लागू होने से 10 कर्मियों का अंशदान जमा होगा पेंशन ट्रस्ट में

कोरबा 9 अक्टूबर । विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन योजना लागू होने से 10 हजार कर्मियों के अंशदान की 10 प्रतिशत राशि भविष्य निधि खाते में और कंपनी की अंशदान राशि पेंशन ट्रस्ट में जमा होगी। वर्तमान में कर्मियों के अंशदान कटौती में साढ़े सात करोड़ तथा नियोक्ता कंपनी द्वारा 14 प्रतिशत की दर से साढ़े पांच करोड़ पीएफआरडीए में जमा किया जा रहा है। नए कर्मियों के अंशदान की राशि जमा होने से पेंशन ट्रस्ट भी मजबूत होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के 10 हजार कर्मियों के लिए वर्ष 2004 से नई पेंशन की जगह पुरानी पेंशन की घोषणा होने से कर्मचारियों को लंबे संघर्ष बाद सफलता मिली है। कर्मचारी परिवारों को पुरानी पेंशन के रूप में सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। इस निर्णय से कर्मियों को उनके सेवानिवृत्ति पर पेंशन के रूप में सम्मानजनक राशि प्राप्त होगी।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा दे रही सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता

दुरु,9 अक्टूबर

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर जोन स्तरीय सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता सांस्कृतिक भवन छुरा में धूमधाम से आयोजित किया गया। विविध विषयों पर सात विधाओं में बालिकाओं ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, प्राचार्यद्वय एन.सी. साहू, के.के. साहू, वरिष्ठ प्रधानपाठक अश्वनी कौशल, एम.एल. साहू,समन्वयकगण खोरबाहरा निषाद, मनहरण लाल यादव, विनोद चंद्राकर, शंकर लाल यदु द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर अक्षत पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जलन किया गया। मीना यादव द्वारा सरस्वती वंदना एवं श्यामा नेताम द्वारा राजकीय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंदूलाल साहू ने बच्चों को साहित्यिक गतिविधियों द्वारा आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।शिक्षा में सफलता के मूल मंत्र भी दिए। मुख्य अतिथि के आसंदी से के.आर. सिन्हा ने कहा कि बेटियां घर परिवार की

लाडली होती है।पढ़ाई के साथ-साथ सभी कामों में अपने मां का हाथ बटाती है।वे हर तरह की कलाओं से निपूर्ण होती है।प्राचार्य एन.सी.साहू ने कहा कि पहली से 12वीं तक के बालिकाओं के साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतिभा को अवसर देने का यह उत्तम मंच है। प्राचार्य के.के. साहू ने कहा की बालिकाएं कला, संस्कृति, परंपरा, अनुशासन से समृद्ध होती हैं। ऐसे आयोजनों से उनके बहुमुखी प्रतिभा को अच्छा प्लेटफार्म मिलता है। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतवाले, बीआरसी महेश राम साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक राजेंद्र शर्मा, संवाददाता परमेश्वर राजपूत, चंद्रहास निषाद, मनोज गोस्वामी उपस्थित हुए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सुंदर प्रस्तुति के लिए बधाई दिया।संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक तीनों स्तर पर अलग-अलग विधाओं नृत्य, गायन, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, वाद्य यंत्र, कविता पाठ में कलात्मक स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। सभी वर्गों में उत्कृष्ट बालिका *सुपर गर्ल्स* की खिताब से नवाजी जाएगी। बालिकाओं ने सुसज्जित वेशभूषा में पारंपरिक गीतों पर नृत्य एवं गायन की समुधुर प्रस्तुति दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर चित्रकला, भाषण, वाद विवाद, कविता पाठ किया। बालिकाओं ने वाद्य यंत्रों पर मधुर थाप से मंच को ऊंचाई प्रदान किया।कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त बालिका को सुपर गर्ल्स तारिका पट्टिका, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान पर रहे बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं कलर पेंसिल सेट प्रदान किया गया। उपस्थित सभी बालिकाओं, पालकों, शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। आभार प्रदर्शन समन्वयक शंकर लाल यदु ने किया।कार्यक्रम में शिक्षक होरीलाल कुर्रे, सुदामा प्रसाद लोधी,फलेंद्र ठाकुर, रोहित नेताम, करुणा वर्मा, सीमा सिंग, सालिक साहू, संजय वर्मा, ममता यदु, हेमलता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं बालिकाओं ने सहभागिता दी।

युवा को मौका देने की मांग

रायपुर,9अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से जमे वरिष्ठ नेताओं को बदलने और युवा को मौका देने की मांग को रविवार को सुबह 10 बजे गुढियारी हनुमान मंदिर से हठकेश्रनाथ महादेघाट तक युवा अधिकार परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व समाजसेवी बसंत अग्रवाल राजनीतिक अखाड़े

में उतर रहे है और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से टिकट की मांग कर रहे है ताकि वे जनता की सेवा कर सके। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की जनता पिछले 10-15 सालों से परिवर्तन की मांग करते हुए युवाओं को भी मौका देने की बात करे है लेकिन हर बार की तरह इस बार भी उन्हें आश्वासन ही दिया जा रहा था। लेकिन इस बार युवाओं ने परिवर्तन जरुर है की मांग को लेकर भाजपा के युवा कार्यकर्ता व समाजसेवक बसंत अग्रवाल को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने की मांग कर रहे है। युवाओं की मांग को देखते हुए वे रविवार को युवा अधिकार परिवर्तन यात्रा निकाल रहे है जिसकी शुरुआत गुढियारी स्थित हनुमान मंदिर सुबह 10 बजे से होगी और यह यात्रा पहाड़ी चौक, भारत माता चौक, तेलघानी नाका, समता कॉलोनी, आमापारा, लाखेनगर, सुंदनगर, रायपुरा चौक होते हुए हठकेश्वर महाघाट पहुंची। जहां भगवान महादेव में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा समाप्त होगी। भारत माता चौक में श्री अग्रवाल सभा को संबोधित भी करेंगे जिसमें पीएससी घोटाले से लेकर कांग्रेस सरकार के द्वारा किए गए घोटालों को उजाकर किया जाएगा। इस यात्रा में लगभग 15 से 20 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

कथा हुई ऐतिहासिक, लोगों ने आयोजकों को दिया धन्यवाद

तिल्दा नेवरा ,9अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।भागवत कथा का विराम लगने के पश्चात जनता ने जो भाव व्यक्त किया है सराहनीय है कथा का जो महत्व था अब पूरा हुआ ऐसा आयोजन हमने तो अपनी जिंदगी में पहली बार देखा और हम चाहते हैं, कि आगे भी हमको भी साथ में रखकर ऐसे आयोजन में सहभागी रखें धन्य है नगर धन्य है भक्त गन और धन्य है *श्री राजू भैया नगर की भामाशाह ने अपना तन मन धन समय सबको निछावर करके और सब की

खुशी में ही अपनी खुशी खोजी इतना बड़ा आयोजन किया और किसी को महसूस नहीं होने दिए किसी भी प्रकार का कोई भी कमी नहीं होने दी ,और बहुत ही सुंदर ढंग से भागवत का भागवत कथा का लोगों ने रसपान किया कृष्ण विवाह पोथी पूजा और एक प्रकार की वृंदावन की होली सबसे बहुत ही बेहतरीन लगी ऐसा आयोजन होते रहे इतिहास उन्हें भूला देता है,जिसने मुसीबतों से डरना सीखा,इतिहास उन्हें याद रखता है जिसने मुसीबतों से लड़ना सीखा और आगे बढा राजेन्द्र अग्रवाल एवं अमित चांवल परिवार जन आपने तिल्दा नेवरा को गौरवान्वित कर महराज ललित जी के द्वारा 1008 भागवत जी की कथा करवाया बहुत सुन्दर व्यवस्था के साथ पहले दिन ही आपने लोकप्रियता के साथ कलश यात्रा से तिल्दा नेवरा का इतिहास रच दिया भगवान कि विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद् भागवत कथा मोक्षदायनी है इसके श्रवण मात्र से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। आयोजन कर्ता एवं समस्त परिवार के द्वारा आयोजित 1008 भागवत कथा विशाल एवं भव्य आयोजन समस्त तिल्दा वासियो एवं समस्त जन् मानस को भागवत कथा मे बहने वाली अविरल धारा मे डुबकी लेने का अवसर प्रदान किया इस पुण्य कार्य के लिए बहुत बहुत बधाई एवं सहृदय धन्यवाद अनिल अग्रवाल ने कहा माता-पिता तुल्य राजू भैया तुलसी भाभी के साहस से यह कार्यक्रम संपूर्ण हुआ जिससे पूरे नगर और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने इतने बड़े यज्ञ में अपनी आहुति दिए हैं।

संसदीय सचिव ने हरी झंडी दिखाकर किया मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना

महासमुंद 9 अक्टूबर। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आज रविवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यूनिट को मिलाकर अब शहरी क्षेत्र में तीन मोबाइल यूनिट वार्डों में पंहुचकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराएगी। आज रविवार को नगरपालिका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के सम्बंध में दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद 9 अक्टूबर । विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय कुमार साहू की उपस्थिति में शनिवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के संबंध में जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदर्श आचार संहिता का पालन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि किसी जाति , भाषा या धर्म के नाम पर घृणा उत्पन्न करना, मतदाताओं को रिश्वत देना, भयभीत करना आदि कार्य नियम विरुद्ध हैं।

न्यायालय तहसीलदार / कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ़)

रा.प्र.क्र..... ब/ 121 वर्ष 20.....

ग्राम- मजगांव तह. भाटापारा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनदास पिता श्यामलाल निवासी ग्राम मजगांव तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने दादी सोनारीन (मृतक के पति का नाम टिभूराम माता का नाम पुनिया बाई) की मृत्यु दिनांक 20/10/2004 को (स्थान) ग्राम मजगांव तहसील भाटापारा का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव मजगांव तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म - मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देते हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 20/10/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 20/10/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/10/23 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार / कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा

एक नजर

युवक पर ब्लेड से हमला

रायपुर, 9 अक्टूबर । तेलीबांधा चौक के पास शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक पर ब्लेड से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छोटू पटेल 45 वर्ष श्याम नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मिथुन ने प्रार्थी से शराब के लिए पैसा मांगा। पैसा नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी के गाल पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

13 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 9 अक्टूबर । राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जुआ खेलते 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 37285 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हाउसिंग बोर्ड ऑफिस के पीछे कबीरनगर में दबिश देकर आरोपी श्रीकांत देवांगन 35 वर्ष सहित अन्य 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 34300 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने कुबरा तालाब के पास जुआ खेलते आरोपी अयोध्या साहू 45 वर्ष, ललित सेन 52 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2985 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर गिरफ्तार

रायपुर, 9 अक्टूबर । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी किरण भीमडे 30 वर्ष व जीतेंद्र पोपटानी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राजा दोलोई 22 वर्ष, तरूण दोलोई 26 वर्ष, प्रसन्न खण्डा 30 वर्ष व चंद्रकांत माईटी 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी पवन साहनी 34 वर्ष व सुभाष पाण्डे 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी दीपक साहू 25 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी प्रहलाद गंगवानी 34 वर्ष व लोचन प्रसाद यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी प्रकाश गिलहरे 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

63 पाव शराब के साथ तीन पकड़ाए

रायपुर, 9 अक्टूबर । अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस की टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 63 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने दलाल तालाब के पास आरोपी राजपाल देवार 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी उदयदास डहरिया 57 वर्ष के पास से 23 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी ईश्वर चतुर्वेदी 24 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है।

चाकू लहराते दो गिरफ्तार

रायपुर, 9 अक्टूबर । अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाकू लेकर आतंक फैलाते पुलिस के टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने बाजार चौक अछोली के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते आरोपी ओंकार जांगड़े 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अतहर असरफी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

मेडिकल के सामने खड़ी बाइक पार

रायपुर, 9 अक्टूबर । सरोरा मेन रोड स्थित मेडिकल दुकान के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामप्यारे यादव 27 वर्ष गोगांव गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीवाय 6637 को सरोरा स्थित प्रकाश मेडिकल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

संपति बंटवारा को लेकर महिला से मारपीट

रायपुर, 9 अक्टूबर। नयापारा रोड रहमानिया चौक के पास संपत्ति बंटवारा को लेकर चार लोगों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मुमताज बेगम 47 वर्ष नयापारा रोड रहमानिया चौक की रहने वाली है। बताया जाता है कि संपत्ति बंटवारा को लेकर आरोपी आरीफ खान, सहनाज, मकबुल व हसीना बेगम ने प्रार्थिया से विवाद कर गाली-गलौज कर मारपीट किया।

सरकारी गाड़ियां गैरेज में खड़ी करने के दिए निर्देश

स्टेट मोटर गैरेज ने मंत्रियों को भेजा पत्र

रायपुर 9 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यों में आज चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया है। इससे ठीक पहले स्टेट मोटर गैरेज ने सभी मंत्रियों से सरकारी गाड़ियों को वापस भेजने का पत्र भेजा है. सभी मंत्रियों को गैरेज की गाड़ियां गैरेज और विभागों से अटैच गाड़ियां सम्बंधित विभागों को भेजनी होगी.

बता दें कि मंत्री अपने आधिकारिक दौरे को चुनाव प्रचार कार्य में सरकारी गाड़ियों को शामिल नहीं कर सकेंगे और न ही चुनाव प्रचार कार्य में किसी सरकारी तंत्र का प्रयोग करेंगे. अचार संहिता के दौरान किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग किसी भी दल के उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए उपयोग नहीं होता. किसी भी मंत्री को चुनाव के दौरान निजी या आधिकारिक दौरे पर पायलट कार या किसी रंग की बीकन लाइट के उपयोग की अनुमति नहीं होगी.

गौरतलब है कि अचार संहिता लगने के बाद कोई भी केन्द्र या राज्य सरकार का मंत्री आधिकारिक चर्चा के लिए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी को नहीं बुला सकेगा. वहीं किसी मंत्री को निजी मकान पर खाने-पीने के लिए आमंत्रित किया जाता है तो कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी उसमें शामिल नहीं

होंगे. चुनाव के दौरान योजना के तहत निधि एमपी-एमएलए फंड से जारी नहीं होगी. सरकारी राशि का इस्तेमाल किसी विशेष राजनीतिक दल या उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए नहीं किया जा सकेगा. सरकारी विमान या सरकारी बंगले का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता. सरकारी घोषणा, लोकार्पण और शिलान्यास पर रोक लग जाती है. कोई भी नेता चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांग सकता।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का अग्रसेन जयंती पर रक्तदान पखवाड़ा

रायपुर 9 अक्टूबर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई, अग्रवाल सभा रायपुर, ए म ए म अ ा इ हॉस्पिटल,संजीवनी,रेडक्रॉस एवं रायपुर मोहल्ला समिति,खरोरा,दुर्ग,धमतरी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल एवं राष्ट्रीय मंत्री परमानंद जैन ने बताया कि पूरे भारत में सम्मेलन द्वारा अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर रक्तदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत रायपुर संभाग में एक दिन में 6 जगह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय अग्रवाल सभा, मोहल्ला समितियां के सहयोग से यह कार्य संभव हो सका रक्तदान शिविर में एमएमआई हॉस्पिटल ,रेडक्रास समिति एवं संजीवनी के द्वारा सहयोग किया गया।

ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने कहा रक्तदान से जहां खून देने वाले को नया खून शरीर में बनते हैं ।जबकि अधिक बीमार व्यक्ति, खून की कमी व्यक्ति या ऑपरेशन किए हुए व्यक्तियों को खून की आवश्यकता का रक्त की आपूर्ति,इसी रक्तदान से होता है ।यह दान एक महा दान है।आज अग्रसेन वेलफेयर हास्टल, अमानका,रायपुर में 49 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ,हनुमान प्रसाद अग्रवाल,परमानंद जैन, किशन अग्रवाल ,मुरली अग्रवाल ,सतपाल जैन, मनोज अग्रवाल,प्रेमचंद अग्रवाल,प्रमोद जैन, कर्तव्य अग्रवाल,राकेश अग्रवाल,रमेश अग्रवाल मोहल्ला समिति से कमल गुप्ता ,विकास जिंदल ,पवन अग्रवाल ,घनश्याम पोद्दार ,नितेश अग्रवाल, अशोक गोयल, सुजीत तुलस्यान, अजय कंसल ,ध्रुव अग्रवाल एवं महाराष्ट्र मंडल से अरविंद जोशी, चेतन दंडवते, रविंद्र ठेगड़ी आदि उपस्थित थे।

रावतपुरा सरकार विवि का दीक्षांत समारोह 11 को

रायपुर, 9 अक्टूबर। श्री रावतपुरा सरकार विवि रायपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह 11 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे विवि के सभागार गोविंद कल्याण मंडपम में प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण नंदन द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। उक्त अवसर पर विवि के कुलाधिपति परमपूज्य रविशंकर महाराज पद्म भूषण डॉ. वीके सारस्वत नीति आयोग के सदस्य पूर्व चांसलर जवाहर लाल नेहरू विवि दिल्ली के प्रोफेसर डीपी सिंह पूर्व यूजीसी अध्यक्ष प्रोफेसर सचिदानंद शुक्ल, कुलपति पं. रविश्कर विवि रायपुर, डॉ. यूके मिश्रा अध्यक्ष छग निजी विवि विनियामक आयोग आशुतोष राणा फिल्म अभिनेता पद्म श्री जेएस राजपूत, एनसीटी के पूर्व अध्यक्ष शामिल होंगे।

प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रो. एमपी सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में वर्तमान समय में 118 पाठ्यक्रम संचालित है। वर्ष 2021 -22 एवं वर्ष 2022-23 के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 2664 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदाय की जाएगी। साथ ही 28 शोधार्थियों को विद्यावाचस्पति (डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी) एवं 36 विद्यार्थियों को चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में हर्ष गौतम कुलाधिपति एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारी विवि के मौजूद थे।

मजदूरी का पैसा मांगने पर युवक को पीटा

रायपुर, 9 अक्टूबर। दीप्तनगर रायपुरा में मजदूरी का पैसा मांगने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवकुमार ध्रुव 39 वर्ष दीप्त नगर रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने मजदूरी का पैसा मांगने पर आरोपी रितेश दुबे ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

औषधि पादप बोर्ड ने किया जड़ी-बूटी पीसने की मशीन का वितरण

रायपुर, 9 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा बोर्ड कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को परंपरागत रूप से कार्य कर रहे वैद्यों को आज जड़ी-बूटी पीसने के मशीन का वितरण किया गया। इससे सात वन मंडलों धमतरी से 10 वैद्य, कांकेर से 20 वैद्य, कबीरधाम से 10 वैद्य, बिलासपुर से 20 वैद्य, कोरबा से 10 वैद्य, कोण्डागांव से 10 वैद्य तथा कटघोरा से 10 वैद्य कुल 90 वैद्य लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर वैद्यों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए इसे औषधि प्रसंस्करण कार्य में बहुत महत्वपूर्ण बताया और पल्वालाईजर मशीन के प्रदाय में वन विभाग अंतर्गत औषधि पादप बोर्ड की पहल की सराहना

की। उन्होंने बताया कि पल्वालाईजर मशीन प्राप्त होने से अब औषधि पादपों तथा जड़ी-बूटी को कूटने-पीसने में बहुत आसानी होगी तथा औषधि पाउडर में स्वच्छता एवं गुणवत्ता भी बनी रहेगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज संग्राहकों को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में लघु वनोपजों के संग्रहण के साथ-साथ प्रसंस्करण, विपणन आदि व्यवस्था के तहत अधिक से अधिक लाभ दिलाने निरंतर प्रयास हो रहे हैं। इस तारतम्य में औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक ने बताया कि राज्य के परंपरागत वैद्यों की सुविधा के लिए उन्हें मशीन का वितरण किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव तथा बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.ए.सी.एस. राव ने बताया कि राज्य में आगे इस योजना का और विस्तार किया जाएगा। आज पल्वालाईजर मशीन का वितरण बोर्ड के सदस्यों श्री बीरसिंह पद्दा तथा श्री शुक्ला प्रसाद धुर्वे द्वारा किया गया।

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ श्री राव ने जानकारी दी कि उक्त मशीन एक समूह पद्धति के रूप में प्रदाय किया गया है। मशीन का प्रदाय किए गए समूह के साथ-साथ आस-पास के 8 से 10 गांव में निवासरत अन्य वैद्य समुदाय को भी लाभ होगा। इस मशीन के माध्यम से हर्रा, बहेड़ा, आंवला, हल्दी, कालमेघ, बला, सतावर, अडूसा, तुलसी, ब्राहमी, तिखुर, बायबिडन, कौंच, अश्वगंधा, बच, स्टीवया, गिलोय इत्यादि जड़ी-बूटी के रॉ मटेरियल को पीसने में उपयोग किया जा सकेगा।

अम्बेडकर की थिसिस के सौ वर्ष पूरे होने पर बौद्धिक परिचर्चा का हुआ आयोजन

युवा पीढ़ी को वित्त के बारे में जागरूक और शिक्षित करने की जरूरत आई. जी. रतनलाल डांगी

रायपुर, 9 अक्टूबर । बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी, छत्तीसगढ़ द्वारा बौद्धिक परिचर्चा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर के एक स्थानीय होटल में आज आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों और प्रबुद्धजनों ने डॉ. अंबेडकर के योगदान और उनकी थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के बारे में अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रायपुर पुलिस रेंज के महानिरीक्षक श्री रतनलाल डांगी द्वारा लिखित 'डॉ. भीमराव अंबेडकर' पुस्तक का विमोचन किया गया। परिचर्चा में आमंत्रित अतिथियों और श्रोताओं ने भारतीय संविधान के पालन की शपथ ली। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं राज्य शासन में विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर, आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव श्री महादेव कावरे, पुलिस महानिरीक्षक श्री रतनलाल डांगी, नई दिल्ली से आए वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं बजट विशेषज्ञ उमेश बाबू तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्राध्यापक प्रो. एस.के. जाधव ने परिचर्चा के दौरान थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस, डॉ. अंबेडकर के चिंतन और वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर अपने विचार साझा किए।

मुख्य वक्ता के रूप में परिचर्चा को संबोधित करते हुए रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री रतनलाल डांगी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वित्त यानि फाइनेंस के बारे में जागरूक और शिक्षित करने की बेहद जरूरत है। इसका अधिकतम सदुपयोग किस तरह से किया जा सकता है, इसके बारे में उन्हें रास्ता दिखाने की जरूरत है। श्री डांगी ने कहा कि ईमानदारी से कैसे रुपए कमाएं और इसे कैसे इकट्ठा करें, यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा है। दिखावे की प्रवृत्ति से बचते हुए हमें अनावश्यक खर्चों में कटौती, मितव्ययता और सही जगह में धन के निवेश के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदले भौतिकतावाद की ओर बढ़ना समाज के लिए नुकसानदायक है। श्री डांगी ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के बारे में कहा कि इस थिसिस में उनका देशप्रेम और यहां के लोगों के बारे में चिंता झलकती है। इस थिसिस के लिखे जाने के 100 साल बाद आज हम यहां इसकी चर्चा कर रहे हैं। डॉ. अंबेडकर के चिंतन और योगदान पर सतत चर्चा जरूरी है। उन पर आज से 100 वर्ष बाद भी चर्चा हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। नई दिल्ली के वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं बजट विशेषज्ञ श्री उमेश बाबू ने परिचर्चा में वर्तमान परिस्थितियों में दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के विभिन्न पहलुओं को तथ्यात्मक ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वस्तुओं के न्यूनतम मूल्य के साथ उनका अधिकतम मूल्य भी तय होना चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी थिसिस में जो सिद्धांत लिखे हैं, वे विभिन्न रूपों में आज 100 साल बाद भी प्रासंगिक हैं।

वेदांत एल्युमीनियम ने उन्नत वायर रॉड्स लॉन्च किया

रायपुर 9 अक्टूबर। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने उन्नत वायर रॉड्स की नई रेंज टी4, एएल59 और 8 ट्रिपल एक्स सिरीज प्रस्तुत की है। ये उत्पाद वैश्विक पावर और ट्रांसमिशन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेंगे। कंपनी ने नई दिल्ली में आयोजित केबल एंड वायर फेयर 2023 के पहले दिन अपने नए उत्पादों को लांच किया।

असाधारण प्रदर्षन के लिए निर्मित नई रेंज अत्याधुनिक कॉन्टिन्युअस कास्टिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए तैयार की गई है। इन उत्पादों का उपयोग ऑटोमोटिव, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में भी हो सकेगा। टी4 अलॉय रॉड ग्राहकों को लो-सैग हाई स्ट्रेंथ, हाई ड्रॉएबिलिटी और ज्यादा टिकाऊपन जैसे फायदे देती है। ये गुण इस उत्पाद को हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन ग्रिड में इस्तेमाल के साथ ऑप्टिकल फाइबर कम्पोजिट ओवरहेड वायर की मैन्युफैक्चरिंग के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1270 बच्चों का कराया स्वर्णप्राशन

स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निःशुल्क औषधि वितरित की गई

रायपुर, 9 अक्टूबर । बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में 1270 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। जनसामान्य को इसके प्रति जागरूक करने आज पाम्पलेट वितरण, आईक्यू मूल्यांकन और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ निःशुल्क औषधि का वितरण भी किया गया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी को 831, 4 फरवरी को 1124, 3 मार्च को 1137, 29 मार्च को 1290, 27 अप्रैल को 860, 24 मई को 835, 20 जून को 1012, 18 जुलाई को 1145, 14 अगस्त को 1188 और 10 सितम्बर को 1140 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

बृजमोहन ने किया सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन

रायपुर 9 अक्टूबर। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 59 लाख की लागत से लाखे नगर चौक से सुंदर नगर चौक तक लोक निर्माण विभाग से होने वाले डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर के साथ अन्याय किया है भूपेश बघेल सरकार ने पिछले 5 साल में रायपुर शहर के लिए एक भी काम नहीं किया, एक भी नई सड़क नहीं बनाई, एक भी भवन नहीं बनाया, रायपुर में जितने भी उद्घाटन किया यह वही काम थे जिन्हें जिस काम की स्वीकृति व शुरुआत भाजपा की सरकार ने की थी। स्मार्ट सिटी ,विधायक निधि या केंद्रीय योजनाओं के काम को छोड़ दो

तो राज्य सरकार ने रायपुर नगर निगम को फूटी कौड़ी नहीं दिए मुख्यमंत्री ने सिर्फ घोषणा के ऊपर घोषणा किया उनकी एक भी घोषणाएं जमीनी धरातल पर नहीं उतर पाई।

पार्षद मृत्युंजय दुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 5 सालों में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है वार्ड का विकास के लिए पर्याप्त राशि नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणा के ऊपर घोषणा कर रहे हैं स्मार्ट सिटी की योजना, विधायक निधि व केंद्रीय योजनाओं को छोड़ दो तो भूपेश बघेल की सरकार ने सुंदर नगर वार्ड के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी है बल्कि भाजपा सरकार में हुए विकास कामों को मेंटेन तक नहीं कर पा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता रमेश ठाकुर पार्षद मृत्युंजय दुबे , रामकिंकर सिंह, हरिबल्लभ अग्रवाल सचिन सिंघल, संजू नारायण ठाकुर, मनीषा चंद्राकर रंभा चौधरी, आकाश शर्मा, माया शर्मा ,अनिता देवांगन ,अनुराधा टाटे, पायल अम्बवानी, संतोष वर्मा, नरेंद्र देवांगन, यादराम साहू, सुरेंद्र ठाकुर, भुषण साहु, लक्ष्मी देवांगन, संतोष देवांगन, प्रताप यादव, सुनील सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23